

कुरआन और इल्म (साइंस)

यतीम वो नहीं जिसके माँ-बाप मर गए हो : बल्कि यतीम वो है जिसको कुरआन और इल्म हासिल न हो. - (कौले रसूल-ए-खुदा (स.अ))

लेखक

(नुसरत आलम शेख)

एहम अलफ़ाज़

हमारी यह किताब इल्म से लबरेज़ है जो की कुरआन की रौशनी में है जो अल्लाह पाक ने हमे आज से तकरीबन १४०० साल पहले ही हमारे नबी -ए- करीम (स.अ) पे उतारी थी. इस किताब में हमने तमाम दुनियावि इजादें और उनके एक्सपेरिमेंट जो आज तक चल रहे है उन्ही को लिखा है. और हमारा कोई ऐसा मकसद नहीं जिससे किसी इल्म वाले को या किसी साइंटिस्ट को या किसी धर्म के मानने वालो या उनकी धार्मिक आस्था को ठेस पोहंचे.

यह किताब आज कल के पढ़े लिखे नौजवानों के लिए है और खुसूसन उनके इल्म को और मज़बूत करने के लिए ही लिखी है. आज साइंस को पढ़कर कुरआन को समझना और आसान हो गया क्युकी साइंस कुरआन की हर आयत को सही साबित कर रही चाहे नमाज़ के बारे में हो चाहे रोजों के बारे में हो या फिर चाहे दुनिया की कोई भी बीमारीयों के बारे में हो.

आपका

(हज़रत नुसरत आलम शेख)

कुरआन और इल्म (साइंस)

इस किताब के जरिये हम सभी पढे लिखे और आम मुसलमानो को यह बताने की कोशिश कर रहे कि किस तरह सायन्स्दाँ (सायन्टिस्ट) कुरआन से इल्म हासिल करके उसे अमली जामा पहना कर अपनी खुद की इजाद का झूठा प्रोपोगेन्डा कर रहे है।

इसी सिलसिले में हम आपको कुरआन और इस्लाम के पैंगम्बरों और इमामो की उन रिवायतों को लिखकर खुलासा कर रहे है जिसको यह सायन्स्दाँ अपनी कामयाबी कहते हैं दरहकीकत यह कुरआन और इस्लामी दानिशवरों की नक्ल है।

दुनियाँवी सायन्स्दाँ ने इल्म (सायन्स्) को छः शाखाओं में बाँटा है जो इस तरह है:

१. इल्मे कीमिया (केमेस्ट्री)

२. इल्मे र्ताबय्यात (फिजिक्व्स)

३. इल्मे हैवानात (जूलॉजी)

४. इल्मे नबातात (बॉटनि)

५. इल्मे जमादात (मिनरल्स)

६. इल्मे हयातियात (बायोलॉजी)

इल्मे कीमिया में हर तरह के अनासिरों (ऐलिमेंटस्) जैसे सोना, चांदी, ताँबा, ऑक्सीजन , कार्बन, हाइड्रोजन वगैरह और मिक्सचरों (यौगिक) पानी, हवा, आग, मिट्टी, तेल वगैरह की मालूमात करते है।

इल्मे कीमिया में खुसुसन उन पाँच बुनियादी मिकसचरों का मुताला करते है

१. पानी : यह मिकस्चर है जो कि दो अनासिरों ऑक्सीजन और हाइड्रोजन से मिलकर बना है।

२. हवा : यह भी नौं अनासिरों ऑक्सीजन, हाइड्रोजन, कार्बन, ओझोन, नाइट्रोजन, सल्फर वगैरह से बना मिकस्चर है।

३. आग : यह भी कई तरह के अनासिरों (तत्वों) जैसे, कार्बन, हाइड्रोजन, आँक्सीजन से बना मिकस्चर।

४. मिट्टी : यह भी एक तरह का मिकस्चर है जो कार्बन, सोना, चाँदी, लोहा, कॅल्शियम, सिलिकॉन से बना है।

५. आकाश : यह तमाम अनासिरों के जर्रो से बना मिकस्चर हैं।

गैर कौमें जेसे हिन्दु कौम के ग्रन्थो में और जितने भी बडे – बडे ऋषि मुनि पंडित सभी इस बात की गवाही देते हैं कि जब कोई हिन्दु इन्सान मर जाता है तो पंच तत्व में विलीन कर देना चाहिए यानी मरे हुए जिस्म को आग के सुपुर्द कर देना चाहिए। जब इन लोगो से मैंने पूछा की वह कौन से पंच तत्व हैं तो मुझे बताया गया हवा, पानी, मिट्टी, आग और आकाश।

आज के दौर में यह बात बिल्कुल साफ हो चुकी है की हवा कोई तत्व नही है, बल्कि नौं तत्वो का बना मिकस्चर है। अगर हम हजरत ईसा (अ.स) से पहले फिलॉसफर जनाब अरस्तू की बात पर गौर करें तो अरस्तु ने हवा को तत्व की संज्ञा दी थी इसी रिवायत से अरस्तू के इल्म का पता लगता है। जब की इस्लाम के दानिशवर और रहनुमा **हजरत इमाम जाफर सादिक (अ.स)** की बात पर गौर करे तो आपने कहा था हवा कई तरह के अनासिरों (तत्वों) से मिलकर बनी है और सभी हिस्से सांस लेने में काम आते हैं और (हवा में से एक टुकडां को खालिस हो उसको अलग कर दिया जाए तों यह लोहे को जला सकता हैं।आपने इस टुकडे (अनासिर) का नाम नहीं बताया)।

एक अंग्रेज सायन्सदाँ जिसका नाम **प्रिस्टले** था उन्होने इस खास अनासिर (तत्व) का नाम ऑक्सीजन बताया लेकिन वह इसकी खासियत नहीं बता सके। यह वाकिया सन **१७५० ई.**का है। तकरीबन **४५ साल** बाद एक अग्रेज सायन्सदाँ ने **१७९५ ई.** में इसका नाम **ऑक्सीजन** बताया और इसकी खासीयत भी गिनायी।

ऑक्सीजन एक यूनानी लफज है जिसका मतलब खट्टी करने वाली हवा।

अगर हवा में से सिर्फ ऑक्सीजन निकालकर फेफडो की पहुँचायी जाऍ तो लगातार पहुँचते – पहुँचते यह फेफडो का टेमप्रेचर इतना बढा देगी कि फेफडे जल जाएगे और सभी हैवानात बीमार होकर मरते रहेंगे क्योंकि **हजरत इमाम जाफर सादिक (अ.स)** ने पहले ही कहा है कि खालिस टुकडा (तत्व) इतना तेज होता है की लोहे को

जला दे इसलिए अगर किसी बीमार शख्स को ऑक्सीजन लगातार देते रहे तो वह घबराकर उसको निकालने की कोशिश करता है।

यानि अब यह बात साबित हो चुकी है की हवा में आक्सीजन के अलावा और भी अनासिर मौजूद है इसी वजह से इन्सान ताजी हवा ज्यादा पसन्द करता है।

हवा में सबसे भारी अनासिर ऑक्सीजन है अगर इसे कार्बन, हाइड्रोजन, हीलियम वगैरह न संभाले तो यह जमीन पर उगने वाली छोटी वनसपतियों पर बैठ जाए और यह सभी जल जाए क्योंकि पौधों को जिन्दा रहने के लिए कार्बन डाई ऑक्साइड की जरुरत पड़ती है यानि इन्सान और जानवर हवा अन्दर लेते है तो सभी अनासिर एक साथ पहुँचते हैं और यह मिकस्चर जिस्म में जाकर अलग – अलग अनासिरों में बंट जाता है। ऑक्सीजन का काम खून में पेवस्त होना है और जिस्म के हर सेल में पहुँचना है। ओझोन इस हवा की निगरानी करती है और ओझोन जब देखती है की सभी अनासिर अपना काम बराबर कर रहे तो ओझोन वापस निकल जाती है और कार्बन डाई ऑक्साइड भी शरीर के बाहर निकल कर पौधों तक पहुँच जाती है। कुरआन में अल्लाह तआला ने जिक्र किया है ***पारा नं: ९ आयत नं : १७२ सूरे अराफ कि मैंने (अल्लाह) आदम के बेटो की पीठो से उनकी औलादों को निकाला था और उनपर गवाह बना दिया। तो यही हर जानदार जिस्म के लिए भी है और पौधो के लिए भी है*** ।

आजकल का दौर तरक्की याफ्ता है इसके बावजूद इन गैर कौमों ने अपनी गलती नहीं सुधारी जब कि इसका खुलासा कुरआन में मौजूद है और सायन्स ने इसे साबित भी कर दिया लेकिन इसके बावजूद दुसरों को दकियानूस कहने वाले खुद दकियानूसी काम कर रहे हैं जबकि ये साबित हो चुका है कि आग, पानी, हवा, मिट्टी व आकाश सब यौगिक हैं फिर भी अपने पूर्वजों की गलती को मानने को तैयार नहीं। ***कुरआन मे इसलिए अल्लाह ने पारा नं.२ सूरे बकरा की आयत नं. १७१ में फरमाया ये बहरे हैं, गूंगे है, अंन्धे है, पस वे समझ नहीं सकते बेशक इन्हें मालूम हो चुका है फिर भी सच से मुँह मोडते है***।

पौधों में खाना इस तरह बनता है

$$6CO_2 + 6H_2O \xrightarrow[\text{क्लोरोफिल}]{\text{सुरज की रौशनी}} \underset{\text{(ग्लूकोज)}}{C_6H_{12}O_6} + 6O_2$$

अल्लाह तआला फरमाता है कि जब कयामत का दिन होगा तो समुन्दर में आग लग जायेगी क्योंकि उस दिन पानी में मौजूद ऑक्सीजन और हाइड्रोगन अलग – अलग हो जायेंगे और इसका (पानी) एक मॉलिक्युल जब जलेगा तो **6667 oC** के बराबर टेम्प्रेचर पैदा होगा और जब पानी के बेशुमार कण अलग – अलग हो जाएँगे तो कितने करोड डिग्री का तापमान (हरारत) उस दिन होगा। इसलिए लोग कहते हैं कि सूरज सवा नेजे पर होगा क्योंकि इतने फासले पर सूरज में इतनी ही हरारत (तापमान)होगी। इसका जिक्र *कुरआन के* ***पारा नं: ३० सूरे तकबीर आयत नं. ६ में अल्लाह इस तरह फर्माता है – व अजिल बिहारु सुज्जिरत*** *तरजुमा* ***और दरिया में आग लग जायेगी।***

$$2H_2O \quad 2000^0C \quad 2H_2+O_2$$

हाईटम्प्रेचर

ऊपर दिये गये सबूतों (दलीलों) ने यह साबित कर दिया की इन्सान पंच तत्वों का नहीं बना है बल्कि अनेक तत्वों से मिलकर बना है लेकिन अब यह देखना है की अल्लाह इन लोगों को कब तक अन्धेरे में रखेगा, या यह खुद कब तक अन्धेरे में रहना पसन्द करेंगे।

अब हम आसमान (आकाश) की बात करते है कि आसमान किस तरह के अनासिरों से मिलकर बना है तो मालूम हुआ, यह तो किसी तरह का यौगिक (मिक्स्चर) भी नहीं है। तत्व (अनासिर) तो दूर की बात है यह तो जमीन से निकलने वाली किरणे है जो सूरज की रोशनी की वजह से तितर – बितर (स्कॅटर्ड) हो जाती है कि नीले रंग की शक्ल में आसमान लगता है। लिहाजा पाँचवे तत्व का आसमान में विलीन होना कतई गलत है। हाँ, हम यह मान सकते हैं कि रुह (आत्मा) जो की जिस्म से परवाज कर चुकी है वह आसमान के उस पार **आलमे अरवाह (बर्जख)** में जा पहुँचती हैं। इसका आसमान में विलीन (मिलन) होने की कोई दलील नहीं है।

इस तरह पाँचो नाम (आग, हवा, पानी, मिट्टी, आकाश) में कोई भी तत्व नहीं है यह ऊपर साबित कर दिया है और अगर अभी भी इन गैर मजहबों को यकीन नही है इन पाँचो मिक्स्चरो की जाँच कर सकते है।

इसी मौजू को आगे बढाते हुए हम दुनियाँ की बात करते हैं कि दुनियाँ और हरारत (तापमान) में कौन पहले बना? यह सवाल आज तक नहीं सुलझ पाया । सायन्सदाँ की पहली थ्योरी के मुताबिक हरारत पहले बनी

लेकिन बाद में यह थ्योरी बनायी गयी की दुनियाँ सबसे पहले बनी और उसके बाद हरारत (तापमान) बनी और आज तक सायन्स् के माहिरों की एक राय नहीं बन सकी है।

अब हम कुरआन और सायन्स की रौशनी में यह बताने जा रहे हैं कि कौन पहले बना और कौन बाद में बना। अल्लाह तआला ने अपने नूर के दो टुकडे किये तो दुसरा टुकडा अल्लाह के चारो तरफ चक्कर काटने लगा जो कि एक मोती की शक्ल में था और जब इस मोती पर अल्लाह ने अपनी जलाली निगाह डाली (जलाली निगाह का मतलब होता है गुस्से वाली और गुस्सा मतलब गर्मी या हरारत (तापमान)) तो यह मोती पिघलने लगा और पिघल कर पानी की शक्ल इख्तियार कर ली।

इस तरह इस्लामी थ्योरी ने यह बताया की गर्मी (हरारत) पहले पैदा हुई। अब यह देखना है कि कौन सा तत्व इस हरारत का ज़िम्मेदार था और साथ में हल्का भी था तो मालूम हुआ की इस कायनात (दुनियाँ) में सबसे हलका तत्व जो की गैस की शक्ल में मौजूद है उसे हाइड्रोजन कहते है। और सायन्स् के माहिर भी यह बता जान चुके हैं कि हाइड्रोजन सबसे गरम और हलकी गैस है इस तरह खुदा की जलाली निगाह में हाइड्रोजन की शक्ल में हरारत मौजूद थी जो की मोती पर पड़ते ही मोती को पानी-पानी कर दिया। अब हमें यह भी मालूम हुआ की पृथ्वी पर सबसे पहले पैदा होने वाला अनासिर (तत्व) हाइड्रोजन ही था। हाइड्रोजन को सायन्सदानों ने **"H"** के सिम्बल् में दिखाया है।

अब हम इस्लाम के बिल्कुल शुरु मे पहुंचे की दुनिया को अल्लाह ने अपने हबीब के लिए बनाया तो यह बात अब साबित होती है कि सायन्सदानो ने हबीब ना लिखकर उसको शॉर्ट फॉर्म में **H** लिखकर दुनिया वालो को हाईड्रोजन के नाम से पहचान करवायी ।

अब हम अगर इस बात की और गहराई में जाए की दुनिया बनाने के पहले सिर्फ अल्लाह ही अल्लाह था लेकिन अल्लाह को अल्लाह कैसे पहचनवाया जाए इसके लिए अल्लाहतआला ने अपने नूर के दो टुकडे किये और जैसे ही यह अलग हुआ इसके चारों तरफ ऑर्बिट में गश्त लगाना शुरु हो गया । अगर किसी चुम्बक के दो टुकडे कर दिये जाये तो चुम्बक के S आर N इलाहिदा होते ही N और S अपने आप फौरन बन जाता है यानि

दोनों टुकड़ों में कोई फर्क नजर नहीं आता है उसी तरह हबीब यानि सायन्स की बोली में **H** में पाये जानेवाला एक जर्रा Pऔर एक जर्रा E इलेक्ट्रॉन बना जिसे हम इस तरह दिखा सकते है ।



हाईड्रोजन अटम **H**

इस तरह प्रोटॉन के चारों तरफ इलेक्ट्रॉन चक्कर लगा रहे है यानि गर्दिश कर रहे है । इलेक्ट्रॉन पर (-) नेगिटिव्ह चार्ज मौजूद है जब की प्रोटॉन पर (+) पॉजिटीव्ह चार्ज मौजूद होता है । प्रोटॉन अपनी जगह पर महदूद है इसके अलावा हम यह भी जानते है कि जब भी किसी तत्व (अनसिर) को दूसरे अनासिर से मिलाना होता है तो ही अलेक्ट्रॉन (ग्रीक जबान में ए के बजाये अ से दिखाते है) मदद करने के लिए भेजे जाते है जैसे पानी में देखिये –



H_2O

(H_2O) पानी का मॉलिक्यूल

इस तरह हमने देखा की इलेक्ट्रान जो कि आर्बिट में चक्कर लगा रहे है वही मदद के लिए इस्तेमाल होते है यानि कभी जान है या पहुँचना है तो इलेक्ट्रॉन ही मदद करते है । प्रोटॉन अपनी जहग से नही हिलते या मदद नहीं करते अगर हम इलेक्ट्रीक करन्ट में देखे तो इलेक्ट्रॉन करन्ट में देखे तो इलेक्ट्रॉन ही धारा दौड़ते है ।

अब अगर हम इलेक्ट्रान को “Ahmed” और प्रोटॉन को पालनेवाला (यानि अल्लाह) नाम दें तो सायन्स ने यह साबित कर दिया के अल्लाह महदूद है यानि पालनेवाला जिसका नाम प्रोटॉन रखा और उसी तादाद में इलेक्ट्रॉन यानि अहमद (ह: मोहम्मद स.अ.स.) गर्दिश कर रहे है और दोनों के बीच बॅलन्स बराबर बना हुआ है ।

इसमें एक खास बात और साफ है कि प्रोटॉन जो की अपनी जगह पर महदूद है और इसका मतलब होता है (पहले) प्रथम और खुदा पहले है और इलेक्ट्रॉन बाद में बना यानि अहमद (A) जो कि बनते ही चक्कर लगाने लगा यानि इबादत में लग गया था एक पल भी नहीं ठहरता ।

गैर मजहबों में ऐसा कहा जाता है की, जब हम ईश्वर को मदद के लिए पुकारते है तो ईश्वर खुद आकर हमारी मदद करता है । अगर इनसे इस बात का सबूत मांगे तो नहीं दे सकते लेकिन इस्लाम ने यह साबित कर दिया कि ईश्वर (खूदा) अपने बन्दो की मदद करने के लिए अपने पैगम्बरों (सेवकों) को भेजता है जो की इलेक्ट्रॉन की शक्ल में खुदा की चारों तरफ तवाफ कर रहे है जैसे की हमने देखा की पानी (H2O) में इलेक्ट्रॉन ही आपस में मिलकर एक दुसरे की मदद करते है प्रोटॉन यानि (पालनेवाला) खुद अपनी जगह पर महदूद है वह कभी रिॲक्शन में हिस्सा नहीं लेता है ।

लिहाजा यह बात बिल्कुल बेबुनियाद है कि ईश्वर अपने बन्दों की मदद के लिए खुद हाजिर होता है। ईश्वर (पालनेवाला यानि प्रोटॉन) अपनी जगह जहाँ पर वह एक बार विस्थापित (महदूद) हो गया उस जगह से सिर्फ अपने हुक्म भेजता है और उसी के मुताबिक हर पैगम्बर (सेवक) को उस बतायी हुई राह पर चलना पड़ता है।

अब यहाँ थोडा बहुत अल्लाह के हुक्म और अल्लाह के बनाए हुए इलम की बात करते हैं जैसे की अल्लाह ने हरारत (तापमान) बनाया और यह आज तक मौजूद है जो कि सूरज की शक्ल में गर्दिश कर रहा है यानि वह हरारत जो अल्लाह की जालाली निगाह से निकली जिससे मौजूद है यही हाइड्रोजन आज सुरज में मौजूद है जो कि करोडो डिग्रीसेण्टीग्रेट की हरारत दे रहा है। लेकिन इन्सानी जिस्म अल्लाह ने नहीं बनाया यह बात सुनने में काफी अटपटी लग रही होगी और शायद कुफ्र भी, लेकिन इसकी दलील यह हैं की जो भी चीज अल्लाह बनाता है वह कयामत से पहले तबाह नही हो सकती इसलिए इन्सानी जिस्म अगर अल्लाह ने बनाये होते तो इनका मिटना मुमकिन ही नहीं था। अब हम यह बात भी बिल्कुल साफ कर रहे हैं कि अल्लाह ने आदम को खुद नहीं बनाया था बल्कि फरिश्तों को हुक्म दिया, जाओ जमीन से हमवार और नाहमवार मिट्टी लाओ और उसको पाक करो फिर उसका खमीर बनाओं अब पुतला बनाओ (इस तरह अल्लाह ने हुक्म दिया और आदम का पुतला बनाकर तैयार हो गया)। इसके बाद जैसे की कुरआन शाहिद है कि अल्लाह तआला ने अपनी बनाई हुई रुह डाली और आदम बोलने लगे। अब यह बात बिल्कुल साफ हो चुकी की अल्लाह की बनायी हुई रुह थी जोकि जिस्म को छोड़ने के बाद भी फनाह नही होती जिन्दा रहती है और यह बात हर मजहब मानता है।

कुरआन के पारा नं. ३ सूरे बकरा की आयत नं.२८४ में अल्लाह तआला फरमाता है जो कुछ आसमानों में है और (जो कुछ) जमीन में है (सब) अल्लाह ही का है।

इस्लाम ने यह बात आज से १४०० साल पहले बयान कर दी थी लेकिन अब सायन्स के माहिर इस बात की तसदीक कर रहे है जैसे अगर हम आसमानों में उन छितरे हुए मॉलिक्यूल (ज़र्रात) की जाँच करे जो की जमीन पर भी मौजूद है तो उसमे भी न्युकिलियस के चारों तरफ इलेक्ट्रॉन चक्कर काट रहे हैं और प्रोटॉन अपनी जगह पर विराजमान है। आसमानो पर फैली हुई ओझोन भी ऑक्सीजन के तीन मॉलिक्युल से बनी होती है। जिस तरह जमीन पर मौजूद ओझोन ऑक्सीजन के तीन जर्रो से मिलकर बनी है अल्लाह के ९९ नामों में दो नाम ऐसे भी हैं जो कि अल्लाह की न्यूनतन स्थिति एवम् उच्चतम सिथित को बताते हैं। ***जैसे अल्लाह का एक नाम है या लतीफो इसका अर्थ है हे सूक्ष्मदर्शी***। अब हमें ऊपर दिये गये नाम में अल्लाह की निम्नतम सिफत दिखायी देती है या लतीफो आज से १४०० साल पहले कुरआन में लिखा गया। आज सायन्सदानों ने सुक्ष्मदर्शी को बना लिया। इसके जरिये छोटी चीजो की जानकारी हासिल होती है जो कि खुली आँखो से नही दिखती। आज हमारे जिस्म में बहने वाले खून में मौजूद वायरस जिसकी वजह से बड़ी – बड़ी बिमारियाँ पैदा होती है जिनका इलाज आज तक नही हो सका, इसलिए अल्लाह ताआला को सुक्ष्मदर्शी कहा जाता है कि वह छिपी से छिपी बातो को जानने वाला है यानि सुक्ष्मदर्शी का काम है जर्रे के अन्दर मौजूद इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन की मौजूदगी मालूम करना और वह किस तरह अपने दर्जे में रहकर चक्कर लगा रहे हैं।

कुरआन में अल्लाह ने फरमाया है कि हमें अपने अदना से अदना बनाई हुई मखलूक का खयाल है और हम उन्हें रिज्क पहुँचाते है। अल्लाह तआला की इस सिफत को पढकर इन सायन्स के माहिरों की अक्लो ने सुक्ष्मदर्शी को खोजा। इसीलिए कहा जाता है कि अल्लाह कण-कण में मौजूद है क्योकि हर कण प्रोटॉन से मिलकर बना होता है।

अल्लाह का एक नाम रब्बुल आलमीन है इसका मतलब होता है पूरे आलम का रब यानि इतना बड़ा जिसकी कोई हद नही सुबहानल्लाह। अल्लाह की यह सिफत भी आज से १४०० साल पहले इस्लाम ने बता दी थी। मतलब यह हुआ की अगर अल्लाह चाहे तो इतना बड़ा हो जाए और अगर चाहे तो इतना छोटा हो जाये जिसकी कोई हद नहीं।

जबकी गैर कौमें, जैसे हिन्दु कौम के मुताबिक ईश्वर बहुत विशाल है, जिसकी बड़ी – बड़ी आँखे, बडे – बड़े हाथ – पैर और एक नही सेंकडों हाथ पैर और बहुत लम्बा के आसमान के बराबर लम्बाई और वह भी इसलिए

की वह कुछ अपने हाथ पैर से करता है और वह सोता भी है, खाता भी है। तो यह है ग़ैर कामो का मसनवी खुदा जिसकी आज तक कोई दलील नहीं दे सके। अगर खुदा की यही खुभी होती तो जिस खुदा वन्दे कुद्दूस ने खुदा की यही खूबी होती तो जिस खुदा वन्दे कुद्दूस ने खुद कितने ही खतरनाक शैतान बनाये जो कि विशाल होते हैं और दिखने में बदुसुरत भी तो क्या फर्क रह जाता ईश्वर और शैतान की बनावट में और अगर इन कामो से ऐसे ईश्वर की सही तस्वीर माँगी जाए तो सैंकडों किस्म की तस्वीरें पेश कर देंगे, यानि एक रुप नही पेश कर सकते। इस कायनात में मौजूद जर्रान जिस में न्युक्लिअस के चारों तरफ इलेक्ट्रॉन चक्कर लगा रहे हैं और यह सूरज अपने परिवार (ग्रहों) के साथ आकाश गंगा के केन्द्र का चक्कर लगा रहा है। आकाश गंगा में कई करोड़ सुरज के परिवार हैं इस तरह १ करोड़ आकाश गंगा को एक निहारिका कहते हैं। वह पूरी निहारिका भी अपने केन्द्र का तवाफ कर रही है। अब तक तकरीबन १ करोड से ज्यादा निहारिकाओं की खोज हो चुकी है। तो यह है सूबुत रब्बुल आलमीन का, सुबहानल्ला !

इस्लाम जब इस कायनात में फैल रहा था तो उस वक्त जहालत का दौर था और लोगो ने कल्पना से अपने खुदाओ के बुत वगैरह बना रखे थे जिसका कोई भी मॉझी नही था। इसके बावजूद वह इन बुतों को पूजा करते थे और इन्ही बुतों से अपनी मन्नत माँगते थे तो उस दौर में अगर कुरआन की आयतों में सायन्स के मुताबिक इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, आक्सीजन, हाइड्रोजन का जिक्र करते तो लोग नही समझ सकते थे इसलिए अल्लाह ने कुरआन में इन अनासिरों का बन्द अल्फाजों में जिक किया कि कयामत के दिन पानी में आग लग जायेगी मतलब यह हुआ कि पानी में मौजूद अनासिर आग की तरह जलने वाले हैं और इस जुमले की जब तहकीकात शुरु हुई तो सबसे पहले इस्लाम के आला दानिश्वर और ***इमाम हजरत जाफर सादिक अ.स.*** ने इस तरह कहा पानी के अन्दर मौजूद एक टुकड़ा है अगर इसको अलग कर लिया जाए तो बहुत फायदेमंद साबित होगा हजरत ने इसका नाम और फायदा नहीं बताया।

गैर मजहबों के दानिशवरों ने पानी को अनासिर कहा। यह दानिश्वर **सुकरात** और **अरस्तु** थे और इन लोगों की वजह से तरक्की के रास्ते बन्द हो गये और कोई भी इनकी थीअरि के खिलाफ नही बोल सकता था।

इन गैर मजहबों के दानिशवरों की वजह से सायन्स की तरक्की काफी साल पीछे लुढक गयी लेकिन इस्लाम के दानिश्वरों की थीअरि को पढकर सायन्सदानों ने इस पानी को टुकड़ो में करने की कोशिश की और **२७ मई १७६६ ई.** को हेनरी ने हाईड्रोजन की खोज की और इसे " **अतिशगीर हवा** " कहा जिसका मतलब

होता है आग पैदा करनेवाली हवा और आज हाईड्रोजन से सबसे पावरफुल बम बन चुका है जिसे हाईड्रोजन बम कहते है यह बम हिलियम (He) के मरकज (नाभिक) को तोड़कर बनाया गया है ।

हाईड्रोजन का मतलब पानी बनाने वाली गैस अब एक बात बिल्कुल साफ हो गयी की इस्लामी दानिश्वर हः इमाम जाफर सादिक (अ.स.) ने पानी के इस टुकड़े को अलग करने का तरीका क्यों नही बताया था ? क्योंकि आप जानते थे कि आने वाली पीढीयाँ इसका गलत इस्तेमाल करेगी जो कि इन्सानी जमातों को खत्म करने में कोई कसर नही छोड़ेगी, क्योंकि इस्लाम हर उस हथियार के खिलाफ है जिससे बेगुनाह लोगों के दौर में सिर्फ उन्ही लोगों पर हमला किया जो लोग जंग करने आते थे, और निहथ्थे लोगों, बच्चों, बुढों, औरतों, बीमारों पर हमला ना करने की ताकीद थी ।

इस तरह इस्लाम में हथियार मौजूद होने के बावजूद उसका इस्तेमाल नहीं किया जबकि गैर कामों ने इस तरह के तबाहकुन हथियारों का इस्तेमाल किया और अपने को अमन (अहिंसा) का पुजारी कहते है । अगर मुस्लमान चाहता तो कब का इन बताहकुन हथियारों का सौदागर बन गया होता, लेकिन मुसलमान अल्लाहतआला की बनायी हुई शरीयतों पर चलनेवाला और मजहबे इस्लाम के तौर तरीको पर अमल करनेवाला और इन्सनियत को प्यार करनेवाला मजहब है ।

कुरान के पारा नं ३० में एक सुर: है जिसे सुरतुन्नाबीआ के नाम से जान जाता है इसकी आयत नं ६ और ७ में अल्लाह फर्माता है क्या हमने जमीन को फर्श नही बनाया ? और पहाड़ों को (उस पर) मेखे (कीले) नही बनाया ?

इस आयत का मतलब है की अल्लाहतआल ने जमीण बनायी और इस जमीन को बनाने के लिए अल्लाह रब्बुल इज्जत ने पानी को पैदा किया फिर इस पानी में बादे अकीम हवा को गुजारकर फेटने का हुक्म दिया यह हवा पानी में घुलमिलकर एक म्पोगे परत का रुप अख्तियार करने लगी और कई सौ बरस तक यह हरकत होती रही तो ऊपरी परत जमने लगी । लेकिन इस परत के नीचे मौजूद पानी की वजह से और पानी के थपेड़ो की वजह से ऊपरी परत हिलती रहती थी । इसको रोकने के लिए अल्लाह ने पहाड़ो को बनाकर इस जमीनी पर त पर किलों की तरह ठोक दिया इससे जमीन का हिलोरे खाना रुक गया तो इस तरह पृथ्वी ग्रह के फॉरमेशन में सबसे अहम हिस्सा पानी का हुआ कायनात में तो अब जितने भी ग्रह मौजूद है सभी में सबसे पहले पानी पहुँचा और इसी के जिरए जमीन की पैदाईश हुई और वह इस तरह साबित होता है कि **अल्लाह ने कुरआन में**

फर्याया है कि, जो कुछ भी आसमानों में है और जो कुछ भी जमीनो में है सब अल्लाह का बनाया हुआ है । इस आयत से एक बात बिल्कुल साफ है कि अल्लाह अपनी मखलूको, आपनी हर चीज जो की एक जैसी हो और वह इस कायनात में जहाँ भी मौजूद हो उनमें किसी भी तरह का भेद-भाव नहीं करता, इसलिए हम यह कह सकते है कि इस कायनात में जितने भी ग्रह मौजूद है सब पर पहले पानी पहुँचा और इसकी वजह से वहाँ झाँग बना और फिर जमीन ।

आज तक सायन्सदाँ यह बता पाने में असमर्थ है कि मंगल ग्रह पर पानी है कि नही, जबकि वहाँ पर पहाड़ों के मौजूद होने का जिक्र हो चुका है । कुरआन पहले ही बता चुका है कि जितने भी ग्रह है सब पर पानी मौजूद है ।

आजतक सभी यह मान कर चल रहे है कि चाँद भी एक ग्रह है । जबकि चाँद किसी सितारे का टूटा हुआ एक हिस्सा है जो कि आवारा की तरह भटक रहा था । और जब यह अर्थ (पृथ्वी) के ग्रॉविटि में आया और उसी वक्त से इसने पृथ्वी के चक्कर लगाने शुरु कर दिये । हम यह भी जाने है कि जितने भी ग्रह है सब में एक से ज्यादा चाँद मौजूद है जैसे की ज्यूपिटर में सबसे ज्यादा चाँद मौजूद है ।

अल्लाह रब्बुल इज्जत ने जितने भी प्लॅनेटस बनाये सबकी अपनी वजह है और सभी अल्लाह की ईबादत में लगे है और चक्कर काट रहे हैं । सुरज जो कि सबको रौशनी दे रहा है अल्लाह पाक ने इसे इतना बड़ा बनाया कि हम जिस दुनिया को विशाल समझते है ऐसे १०९ दुनियाँ मिल जाए तो सुरज का डायमिटर कहलाये यानि पृथ्वी ग्रह कुछ भी नही हम किस अंधेरे में खोये हुए है ?

सुरज (तारा) का हलका

सूरज पर अल्लाह ने करोड़ों की तादाद में हाईड्रोजन के पहाड़ बनाये है और यह पहाड़ वक्त-वक्त पर फटते रहते है । ऐसा ही एक पहाड़ १९८१ ई.में सुरज पर फटा जिसकी धमक इतनी तेज़ थी कि सूरज अपनी (axis) जगह पर हिल उठा था । आज सायन्स्टीस्ट यह पता लगा चुके है की हाईड्रोजन का एक छोटा सा

गोला इस पृथ्वी को नेस्तनाबूद करने के लिए काफी है जो अगर हम उस फटे हुए हाईड्रोजन के पहाड़ की गर्मी जो कि हम से करोड़ो मील की दूरी पर है जब धरती पर पहुँच जाएगी तो क्या हशर होगा अल्लाह बेहतर जाने ।

कुरआन में इसीलिए सुरे रहमान की आयत न: ३७ में अल्लाह फर्माता है फिर (कयामत के दिन) जब आसमान फटे और तेल की तलहट की मानिन्द लाल हो जाए ।

अल्लाहतआला का बनाया हुआ सूरज जिसे दुनियाँ के कोने – कोने में बसे लोग देखते और उसकी गर्मी को महसूस करते है । यही सुरज चाँद को भी अपनी हरारत और रोशनी से नवाजता है लेकीन चाँद में यही सुरज हर ६ घंटे बाद निकलता है इसलिए हर ६ घंटे बाद चाँद पर शदीद गर्मी और शदीद ठण्ड़ पड़ती है । इस सूरज के आलावा भी लातादाद सुरज और ग्रह मौजूद है लकिन वह एक दुसरे से इतनी दूर है कि एक की रोशनी दुसरे तक नहीं पहुँच पाती ।

अब हम गैर मज़हबो पर और उनके दानिश्वरों पर गौर करें तो अरस्तु और सुकरात का मत है कि सुरज एक देवता है जिस वजह से इसके अन्दर से प्रकाश निकल रहा है ।

हिन्दुओं के दानिश्वरों ने तो हद कर दी । इनके मुताबिक एक बार हिन्दुओं के बन्दर शक्ल हनुमान ने सुरज को मीठा फल समझ लिया तो हनुमान ने सूरज को अपने मुँह मे निगल लिया इस वजह से इस दुनिया पर अन्धेरा छा गया जितने भी देवता वगैरह थे सब के सब बहुत परेशान हुए और हनुमान के पास पहुँच कर उनसे दरख्वास्त करने लगे की मेहरबानी करके आप सुरज को अपने शरीर से आज़ाद कर दें वरना लोक वासियों को सदा (हमेशा) अन्धेरे में ही रहना पड़ेगा फिर हनुमान मान गये और उन्होने अपने बैतुलखला की जगह से सुरज को आजाद कर दिया इसी वजह से बन्दररो के मुँह और बैतुलखला की जगह लाल होती है ।

अब हम इनकी बातों पर यकीन करे तो कैसे, क्योंकि इन हिन्दु दानिश्वरों का एक मत यह भी है कि हनुमान ने शादी ही नही की यानि कुँवारे थे । तो जब उनका जीवन कुँवारा (ब्रहमचारी) गुज़रा तो उनके जिन बिना संभोग किये हुए कैसे दुसरे बन्दरों में पहुँचे ? इसका भी कोई जबाब नहीं है । इस तरह हम यह देख रहे है की उनके खूद के मत ही आपस में टकरा रहे है क्योंकि सायन्स की तरक्की आफ्ता रफ्तार यह साबित कर चुकी है कि बिना पीढ़ी के पढ़ाये माँ-बाप के गुण होने वाली औलाद के अन्दर मौजूद नही हो सकते, तो जब हनुमान ने शादी ही नही की तो उनके गुण दुसरे बन्दरों तक कैसे पहुँचे ? और कोई भी इन्सन हो या जानवर वह अपने समर्थ के हिसाब से ही किसी भी चीज को निगल सकते है उसके ऊपर नहीं । आजकल के बच्चे अगर इस कहानी को सुनें या पढ़े तो यही कहेंगे की इतनी बड़ी गप मुझे तो हजम नही हो रही है क्योंकि आज के बच्चे

भी जानते है की इतनी तरक्की कर चुकी सायन्स ने आजतक सुरज के करीब जाने की भी कोशिश नही की क्योंकि इसके अन्दर और चारों तरफ मौजूद हाईड्रोजन जो की आग उगल रही है तो ऐसी हालात में कैसे मुमकिन है कि हनुमानजी सुरज निगल सकते है । हाँ यह और बात है की हनुमानजी के वक्त सूरज एक टेनिस की गेंद के मानिन्द छोटा होगा । हिन्दू मजहब ने जनाब हनुमान के बारे में एक बात और बतायी की सूरज जो की इस मजहब के देवता है तो उन्होने जब यह देखा की हनुमान जी उनके (सुर्य) के करीब आ रहे तो सुर्य ने अपने को सिकुड कर छोटा कर लिया और हनुमान ने निगल लिया, जब की सायन्स यह साबित कर चुका है कि सुरज एक सख्त अनासिर (तत्व) से बना गोल शक्ल है और इसके चारों तरफ बेशूमोर डिग्री सेण्टीग्रेट तापमान (हरारत) मौजूद है ।

हमारा यह दावा है कि अगर इस पृथ्वी पर मौजूद कोई भी जानदार चाहे वह जानवरों में हो या इन्सानों में हो, सूरज को निगल जाता तो उसकी मृत्यु नामुमकीन थी यानी वह हमेशा जीवित रहता । क्योंकी आज सायन्स यह भी बता चुका है कि इन्सानी जिस्म १०० डिग्री सेन्ट्रग्रेड की हरारत को बर्दाश्त नहीं कर सकता यानी मौत निश्चित है जब की सूरज की हरारत कई करोड़ डिग्री सेण्टीग्रेट है ।

इस सरजमी पर एक सायन्सदाँ हुए है **गैलिलीयो** । यह दौर था **१७०० ई**. का तो इनसे पहले गैर मज़हबो के लोग चाँद की पूजा करते थे, और यह कहते थे की इस चाँद के अन्दर रात के वक्त एक दिया जलाया जाता है जिसकी वजह से इससे रौशनी निकलती है । लेकीन जब गैलिलियो ने अपनी तालीम के दौरान यह कोशिश करनी शुरु की, कि दुर की चीज पास दिखे तो इस सायन्सदाँ ने टेलीस्कोप की खोज की और चाँद को इसके जरिए देखा तो उसे चाँद के अन्दर पहाड़, गड्ढे और जमीन दिखाई दिऐ जेसे की अर्थ पर मौजू है । तो इसने अपनी किताब में लिखा की चाँद भी हमारी पृथ्वी की तरह है । इसमें भी अपने जैसी आबादी होगी यह कोई देवता नही है और रोशनी की वजह यह है कि इसमें भी सूरज की रोशनी पहुँचती हे जिसकी वज़ह से यह चमकता है । अब सवाल यह उठता है कि यह गैर मजहब कब सुधरेंगे, क्योंकि आज भी यह लोग सुरज और चाँद की पूजा कर रहे है । जब इन लागों से पूछा जाता है कि सायन्स ने इसे झुठला दिया है तो कहते है कि यह हमारी धार्मिक भावना है अगर हम इस पर अमल नही करेंगे तो धर्म से निकाल दिये जागेंगे ।

गैलीलियो ने अपनी खोज ह: मोहम्मद (स.अ) के उन अल्फाज़ो को पढ़कर शुरु की जिसमें आप ने कहा था इन्सानी आँखो से कोई रौशनी नही निकलती बल्कि इस पर मौजूद चीजों की इमेज हमारी आँखोपर आकर

पड़ती है यानि चीजों में से हमारी आँखो के पर्दे पर उनकी तस्वीर बनती है और अगर हम कोई ऐसी चीज बना ले जिससे बहुत दुर की चीज़े नज़दीक और साफ दिखाई दे तो कितने ही ऐसे सितारे है जो हमारी आँखो से पर्दे पर उनकी तस्वीर बनती है और अगर हम कोई ऐसी जीज बना ले जिससे बहुत दुर की चीजे हमें नजदीक और साफ दिखाई दे तो कितने ही ऐसे सितारे है जो हमारी आँखो से काफी दूर है । उन्हें हम देख सकते है । जब आपसे किसी सहाबी ने दुनिया यानि जमीनी रास्तों के बारे में दरयाफ्त किया तो आपने कहा की मै जमीनी रास्तों को मुकाबले आसमानों के रास्ते ज्यादा अच्छी तरह जानता हूँ। गैलीलियों ने रसूले खुदा (स.अ.स) के इन्ही अल्फाजों को बुनियाद बनाकर टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज की।

अल्लाह के नबी (स.अ.स) ने अपने वक्त में यह तस्दीक की, जमीन (पृथ्वी) जो कि एक ग्रह है और इसके आलावा जितने भी ग्रह हैं यह सभी सूरज के गिर्द तवाफ कर रहे हैं और जिस जमीन पर हम रह रहे हैं वो अपनी ही जगह पर घूम रही है जब की गैर कौमो और दानिश्वर यह कहते थे कि सूरज चक्कर लगाता है जमीन नहीं। लेकिन आज के दौर में सायन्स यह साबित कर चुका है कि सूरज अपनी जगह पर मौजूद रहता है और बाकी जितने भी ग्रह हैं सब के सब सूरज का तवाफ (परिक्रमा) कर रहे है अपनी मुकर्रह्हदो में। **कुरआन के २३ वे पारे के सुरे यासीन की आयत नं.३८ और ३९ में अल्लाह फर्माता है सूरज अपने ठहरे रास्ते पर चलता रहता है, यह उस जोशवर व बाखबर का साधा हुआ है और चाँद के लिए हमने मंजिले ठहरा दी यहाँ तक की फिर ऐसा रह जाता है जैसे खजूर की पुरानी टहनी।**

कुरआन की इस आयत में अल्लाह पाक का यह फर्माना की सूरज अपने ठहरे रास्ते पर चलता रहता है इस कोड का खुलासा हमारे ख्याल से यह हुआ की सूरज को अल्लाह पाक ने एक जगह पर महदूद कर दिया है और यह अपनी जगह पर ही घूम रहा है इसका मतलब यह हुआ की सूरज की भी अपनी एक घुरी (Axis) है जिसकी वजह से सूरज अपनी जगह पर ही घूम रहा है और इस कोड में जोशवर और बाखबर जैसे अल्फाज अल्लाहतआला की सिफात बयान करते है कि सूरज को मुकर्रर उस जोशवर (अल्लाह) ने ही किया है और सूरज अपनी मुकर्रर जगह पर अपना काम पूरी तरह अन्जाम दे रहा है या नही, इसके लिए कुरआन में बाखबर का इस्तेमाल किया गया है की सूरज की गर्दिश पर अल्लाह खबर रख रहा है। **आयत न: ३९ में अल्लाह पाक का यह बयान करना की, चाँद की मंजिले ठहरा दी** का मतलब यह हुआ कि चाँद जो कि एक सितारे का

टूटा हुआ टूकडा है और जब यह अपने ग्रह से टूटकर अलग होकर गर्दीश करने में मश्गुल हुआ तो यह अर्थ (पृथ्वी) के मॅग्नेटिक इलाके में पहुँच गया और अल्लाह ने इसकी मंजिल जमीन तय कर दी और इस आयत में यह कहा की यहाँ तक कि फिर ऐसा रह जाता है जैसे खजूर की पुरानी टहनी इसका मतलब यह हुआ की यह भी जमीन का तवाफ (परिक्रमा) कर रह हैं और इसको सूरज से मिलने वाली रौशनी (नूर) हमेशा कम ज्यादा होती रहती है जिसकी एक सूरत यहाँ तक पहुँचती है कि जैसे खजूर के पेड़ की पुरानी शाखा और यह हम हर महीने देखते है और कुरआन में यह आयत आज से १४०० साल पहले बयान हो चुकी है और अब सायन्स के माहिर इसे तसलीम कर चुके हैं और कहते है कि चाँद २७ १/२ दिन में पृथ्वी (जमीन) का एक चक्कर पूरा करता है इसलिए चाँद का दूसरा दिन की मोटाई तकरीबन २ इंच चौड़ी दिखती है । लेकिन गैर से देखने पर चाँद की गोलाई की रौशनी नजर आती है यानि सुरज की रौशनी सिर्फ इतने ही हिस्से पर पड़ रही पड़ती इसलिए इसे फुल मून (full moon) पूरा चाँद कहते है। इस तरह हमने यह देखा कि अल्लाह ने अपने कमाल में आयतों के जरिये सूरज, चाँद, सितारे सब का खुलासा कर दिया है। सिर्फ जरुरत है तो अल्लाहतआला के दिये हुए दिमाग में मैजूद फाइलो के पढ़ने की, कुरआन का एक एक लफ्ज़ साइंस के तराजू में खरा उतर रहा है जब की गैर मजहब आज भी चाँद, सूरज और तारों को अपना भगवान मानकर उसकी इबादत में मशगूल हैं। अल्लाह इन्हें अक्ल दे।

गैर कौंमे कयामत के बारे में यकीन नही रखती। इनका यही मानना है कि जब कोई इन्सान मर जाए तो यह उसकी कयामत हो गयी। जब कीकुरआन फर्माता है कि कयामत के दिन सिंफ एक जोर की आवाज होगी और सब धरा के धरा रह जाएगा। आइए कुरआन का कौन-कौनसा कोड (आयत) कयामत का तरीका और तबाही बयान करता है।

१) कुरआन के पारा नं. २३ में सूरे यासीन की आयत नं ४९ और ५० में अल्लाह फर्माता है कि यह आपस में लड - झगड रहे हो और एक जोर की आवाज इनको आ दबोचे, फिर न तो कुछ वसीयत ही कर सकेंगे और न अपने घरवालों में ही लौटकर जा सकेंगे।

२) कुरआन के पारा नं. ३० में सूरेह ज़िल्जलाल की आयत नं. १ में अल्लाह तआला फर्माता है कि जब जमीन अपने भूचाल से हिलायी जाएगी और जमीन बोझ निकाल फेकेंगी।

३) कुरआन के पारा नं.३० में सूरेह कारिआ की आयत नं.३ से ५ में अल्लाह फर्माता है कि वह खड़खड़ाने वाली क्या चीज है ? जिस दिन आदमी बिखरे हुए पतिंगों की तरह होंगें और पहाड़ धुनी हुई रगी ऊन के मानिन्द हो जायेंगे।

४) कुरआन के पारा नं. ३० मे सूरेह इन्शेकाक की आयत नं.१,३, और ४ में अल्लाह बयान करता है कि जब आसमान फट जाएगा और जब जमीन तान दी जायेगी और जो कुछ उसमें हैं बाहर डाल देगी और खाली हो जाएगी।

५) कुरआन के पारा नं. ३० में सूरेह इन्फितार की आयत नं.२ और ३ में अल्लाह फर्माता है कि जब सितारे झड़ पड़ेगे और समुद्र बह चलेगे.

कुरआन में ऊपर दिये गये कोड़ (आयतें) को जो.की कयामत के लिए बयान किये गये है और पहले कोड मे यह बयान करना की एक जोर की आवाज इनको आ दबोचेगी मतलब यह हुआ की कयामत के दिन एक धमाका (जोरदार आवाज) होगा और किसी को भी मोहलत नहीं मिलेगी कि कोई भी ान्सान ना तो वसीयत कर सकेगा और न ही घर वापस लौट सकेगा यानि किसी को पल भर का भी मौका नहीं मिलेगा और सबके सब मौत के मुँह में समा जायेंगे। अगर हम सायन्स की लैब मे ंआयत (कोड़) नं. २ और ३ सूरे रुन्फितार में उस दिन (कयामत) समुद्र बह चलने का मतलब बहना नहीं क्योंकि समुद्र और नदियाँ.तो हमेशा ही बहा करती हैं, यहाँ पर इसका मतलब यह निकलता है के उस दिन हरारत (तापमान) इतना बढ़ जाएगा की पानी जो की हाइड्रोजन और ऑक्सीजन से जुडा हुआ है उस दिन गर्मी इतनी ज्यादा हो जाऐगी के पानी, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन से अलग – अलग हो जायेगा और जैसे ही यह अलग होगा यह दोनो अनासीर धमाके के साथ फटने लगेंगे क्योकि जमीन के नीचे भी पानी मौजूद है और पहाड़ के अन्दर भी पानी के चश्मे मौजूद है इसलिए पहाड़ भी फट जाएँगे और फिजा धुनी हुई ऊन की तरह रेजा – रेजा होकर उडेंगे और इन्सानी जिस्म इन धमाकों की ताकत की वजह से कीड़ो (पतिंगो) की तरह हवा में उड़ जाएँगे जैसे की (RDX) जैसे बम जो की इन्सान के चिथडे कर मीलो दूर फेंक देते हैं और आसमान फट जाएगा यानि बादलों में मौजूद पानी भी हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में अलग हो जाएँगे यानि आसमान भी फट जाएगा। सायन्स की लैब में यह बात साबित हो चुकी है कि पानी को 2200०C पर जलाओ तो हाइड्रोजन और ऑक्सीजन अलग हो जाते हैं यह खअेज १७६६ ई. में हैनरी ने की थी और पानी के एक जरें को अलग होते ही 6667०C की हरारत (तापमान) पैदा होती है और इस दिन जब अनगिनत पानी के मॉलिक्युल्स् जो की आसमानों, जमीनों में और जमीन के अन्दर भी जब एक साथ अलग – अलग होंगे तो धमाके को नापना नामुम्किन ही होगा । लिहाजा जब असमान फटे जब जमीन धमाकों के साथ फटे तो इस कायनात में मौजूद तारे भी तबाह हो जायेंगे और पहाड़ो को फटने की आवाजों की वजह से खड़खड़ाने वाली आवाज पैदा होगी और यह खड़खड़ा देने वाली आवाज ही कयामत की निशानी है ।

इस तरह अल्लाह ने कुरआन में इन आयेतों (कोड) के जरिए इन्सान को कयामत के मन्जर खुलकर बता दिये ताकि यह नादान इन्सान को कयामत के मन्जर खुलकर बता दिये ताकि यह नादान इन्सान संभल जाए और अल्लाह के बताये हुए सीधे रास्ते पर चल सके । कयामत का आना कोई दकियानूसी बात नही बल्कि एक सायन्स है और इन्ही कुरआनी कोडों की मदद से इन्सान ऐसे

धमाकेदार बम बना चुका है । जिसका वजन सिर्फ १०० ग्राम है दुनिया को बर्बाद (नेस्तनाबूद) करने को बस है । इसलिए जब यह दिन आयेगा तो कोई भी देखने वाला जिन्दा न बचेगा वैसे भी इन्सानी ईजाद जो कि बमों की शक्ल में हो चुकी है और हर मुल्क इसे आपनी हिफाजत के हिसाब से रखे हुए है तो यह कहना मुनासिब होगा की इन्सान खुद मौत के बमों पर बैठा हुआ है और इन्तेजार है एक वक्त का बस् ।

इन्सानी जिस्म

अल्लाह रब्बुल इज्जत ने अपनी पाक किताब कुरआन जों की अपने हबीब ह: मोहम्मद (स.अ.स) पर उतारी उसमें (कुरआन) अल्लाह फर्माता हैं कि मैने इन्सान को मिट्टी से बनाया। इस मिट्टी को पाक किया और फिर फरिश्तों को हुक्म दिया की इसका पुतला बनाओ और जब इस पुतला-ए आदम के सारे एजा (अंग) बन गए तो अल्लाह ने दिल की हिफाजत करने के लिए पसलियों का पिंजरा बनाने को कहा तो फरिश्तों ने पहले बायीं पसली बनाई फिर दायीं पसली, जब दायी पसली बन चुकी यानि आदम का पुतला पूरी तरह से बन कर तैयार हो गया तो दायीं पसली से बची हुई मिट्टी से हव्वा बनी और फिर इन दोनों को अल्लाह ने जन्नत के बहतरीन बागों से निकालकर इस कायनात में भेज दिया और इन दोनों की पैदा हुई औलादें आज पुरी दूनियाँ मे फैली हुई है।
आज गैर कौमें यह कह चुकी है की इन्सानी जिस्म अनासिरों (तत्वों) से मिलकर बना हैं लेकिन उनकी गिनती बताने में नावाकिफ हैं लेकिन इस्लाम के दानिश्वर **हजरत इमाम जाफर सादिक (अ.स)** यह बता चुके थे कि इस मिट्टी में मौजूद है। मलब बिल्कुल साफ हो चुका की इन्सान का जिस्म अनसिरों से मिलकर बना है। आपने यह भी बताया की इस जिस्म में सबसे ज्यादा ४ अनासिर पाँए जाते हैं, उसके बाद ८ अनासिर हैं जो ४ अनासिरों के मुकाबले कम पाये जाते हैं, उसके बाद ८ और अनासिर हैं जो पहले वाले ८ अनासिरों से भी कम तादाद में मौजूद हैं। इस तरह इस्लामी दानिश्वरों ने २० अनासिरों को उनके नाम तो नही दिये थे लेकिन उनकी पहचान बता दी थी और साथ में यह भी कहा इसके अलावा और अनासिर हैं जिनकी तादाद कई गुना ज्यादा ,मौजूद है लेकिन उनका फि-सादी (प्रतिशत) काफी कम है। हजरत इमाम जाफर सादिक (अ.स) ने जिन २० अनासिरो के बारे में जिक्र किया था उनके वजन भी बताये थे और यह कहा था कि अगर एक इन्सान का वजन

१०० किलो है तो पहले ४ अनासिरो की मिकदार इस तरह होगी। इन पहले ४ अनासिरो को आज के सायन्सटिस्टस् के हिसाब से नाम है-

ऑक्सीजन (O) वजन १६ किलो

हाइड्रोजन (H) वजन १.७८० किलो

नाइट्रोजन (N) वजन ०.९६० किलो

कार्बन (C) वजन ०.२७८ किलो

इन दूसरे ८ अनासिरों को आज के सायन्सटिस्टस् के हिसाब से इनके नाम हैं-

१.मैगनीशियम (Mg) २. कॅलिशयम (Ca)

३.पोटेशियम(K) ४. सोडियम (Na)

५. फॉस्फोरस (P) ६. सल्फर (S)

७. लोहा (Fe) ८. क्लोरिन (Cl)

बाद के इन ८ अनासिरों को आज के सायन्सटिस्टस् इस नाम से पुकारते है।

१.मोडियम (Mo) २. फोरियम (Fo)

३.मैगनीज (Mn) ४. जिंक (Zn)

५. कॉपर (Cu) ६. लेड (Pb)

७. निकल (Ni) ८. रेडियम (Ra)

इन १६ अनासिरों की इन्सानी जिस्मो में मिकदार (मात्रा) माइक्रोग्राम में मौझूद है। लेकिन आजकल के सायन्सदाँ मिट्टी में इतने अनासिरों की मौजूदगी को नहीं खोज पा रहे हैं। इन के हिसाब से लोहे की खाने अलग है, सोने की अलग, चाँदी की अलग, कार्बन की अलग तो यह सब मिट्टी में कैसे मिल सकती है? इस वक्त जब मैं यह खुलासा कर रहा हूँ १०७ तत्वों (अनासिरों) की खोज हो चुकी है जब की इन अनासिरों की तादाद इससे

कई जयादा हैं और आनेवाले सालो में एक ऐसी लॅबोरेटरी बनेगी जिससे कब्रस्तान से लायी गयी मिट्टी की जाँच हो सकेगी और मौजूद १०७ अनासिरों से ज्यादा अनासिर मौजूद होने की बात साबित हो जायेगी। यह वादा है आने वाली पीढियों से "शेख नुसरत आलम" का। इन्शाअल्लाह उस दौर में इस्लाम की थ्योरी इस जहान के बचे – बच्चो तक पहुँच जायेगी, आमीन!

इस्लाम के अलावा गैर मजहब जैसे हिन्दु लोगों के मुताबिक मनु नाम का एक शख्स इस सरजमी पर प्रकट हुआ और उस वक्त चारो तरफ पानी ही पानी था। अगर यह बात मान भी ली जाए तो सवाल उठता हैं कि एक मनु की वजह से आज इतनी तादाद कैसे मुमकिन है? फिर और कहानियाँ बतायी गयीं कि एक भगवान हुए कर्ण और इनकी पैदाइश कान से हुई इसके बाद एक और भगवान अँगूठे से पैदा हुए और कुछ दिनों के बाद एक और पैदाईश हुई दछिची की और कहा यह घड़े से पैदा हो गये। अगर इन हिन्दुओं की कहानियों और किस्सो की आज के आधुनिक (सायन्स) दुनिया के सायन्स नाम की लॅब में जाँच की जाए या सायन्स नाम के तराजू में तोला जाए तो मालूम पड़ जाएगा कि यह सभी बातें बेबुनियाद है। अगर इस्लाम के अन्दर हः ईसा (अ.स.) की पैदाइश की बात पर रौशनी डाली जाए तो हः ईसा (अ.स.) की माँ जिनका नाम मरियम था अल्लाह ने इनके अन्दर अपनी रुह को भेजा और आप (ईसा) भी आम पैदा होने वालों की तरहा ही अपनी माँ के पेट में रहे और मुकामें कारुरा से दुनियाँ में तशरीफ लाए इसके अलावा अगर हम औरत की बच्चेदानी का कनेक्शन देखें, सायन्स की मदद से बच्चेदानी ना तो कान से सीधी जुड़ी है और न अँगुठे से, तो यह सब दकियानूसी मत इस सायन्स के जमाने में नहीं चल सकते क्योकि आज का इन्सान काफी तरक्की कर चुका है।

अभी भी मौका हैं इस हिन्दु कौम को अपनी मान्यताओं को दुरुस्त करने का, वरना बहुत देर हो जाएगी।

अल्लाह तआला जो की इस कायनात का मालिक है उसने अपने कलाम में आसमानों से लेकर जमीन के बीच जो कुछ भी है उसका जिक्र पारा नं. २४ की सूरेह जुमर की आयत नं. ६३ में इस तरह फरमाया है आसमानों और जमीन की कुँजियाँ उसी (अल्लाह) के पास है।

पारा नं.२३ की सुरे सॉद की आयत नं.६६ में अल्लाह फर्माता है आसमानों और जमीन और उन चीजों का परवरदिगार है जो आसमानो और जमीन के बीच है वह बेहद जोरावर बड़ा बख्शने वाला है।

ऊपर दी गयी दोनो आयर्तो का खुलासा करने से पहले मैं यह बताना चाहँगा की अल्लाह ने इन आयतों का इस्तेमाल शार्टकट में किया है और वह भी इसलिए की अल्लाह ने इन्सान को बनाते वत्त उसके सर के अन्दर मौजूद मेमरी बॉक्स में इन शॉर्टकटस् या कोड़स् की तफ्सील डाल दी है उसी तरह जैसे की कमप्युटर के अन्दर हजारों फाइलस मौजूद कर देते हैं और इन सब फाइलस को उनके कोड के नाम के साथ एक फेहरिस्त बनायी जााति है और जब भी किसी फाइल को खोलना होता है तो पहले कमप्युटर में मौजूद फेहरिस्त को चेक किया जाता है फिर अपनी मन चाही कोड को किलीक करते हैं और कोड का खुलासा पल में नजर आता है। अल्लाह रब्बुल इज्जत ने कुरआन को अपनी फेहरिस्त बनाया और इस फेहरिस्त में आयतों की शक्ल में ६६३६ (छे हजार छे सौ छत्तीस)कोडस् डाल दिये। अब बात बिल्कुल साफ हो चुकी की अल्लाह ने इन्सान के दिमाग के अन्दर इन ६६३६ कोडस् की तफ्सीस डाल दी और यह हिदायत कर दी की कुरआन मुसलमान का ईमान है और अपने ईमान की हिफाजत करो, नही तो शैतान तुम्हे बहका देगा और शैतान तुम्हारा खुला दुश्मन है जिसने कसम खायी है कि मैं तेरे बनाये हुए बन्दो को सिरातल मुस्तकीम (सीधे रास्ते) से भटका दूँगा और *कुरआन के पारा नं. २३ में सूरे सॉद की आयत नं ७१ से ८१ में अल्लाह फर्माता है कि (ऐ पैगम्बर इनसे बयान करो) जब तेरे परवरदिगार ने फरिश्तों से कहा कि मैं मिट्टी से एक आदमी पैदा करता हूँ, तो जब मैं उसे पूरा कर लूँ और अपनी रुह फूँक दूँ तो तुम सब उसके आगे सज्दे में गिर पड़ना.. फिर सब फरिशतों ने उसे सज्दा किया, मगर इब्लीस ने गुरुर किया और वह काफिरों में था (अल्लाह ने इब्लीस से) पूछा कि ऐ इब्लीस जिसको मैंने बनवाया उसको सज्दां करने से तुझे किसने रोका । यह तूने घमण्ड किया या तू (इनसान से)दर्जे में बड़ा है? (इब्लीस) बोला मैं उससे कई बेहतर हूँ। मुझको तूने आग से बनाया और उसको तूने मिट्टी से बनाया है। (अल्लाह ने) फर्माया तो तू यहाँ से निकल, तू फिटकारा हुआ है और आखिरी न्याय के दिन तक तुझ पर मेरी फिटकर है। बोला (इब्लीस) ऐ मेरे परवरदिगार मुझको उस दिन (यानि कयामत) तक की मोहलत दे जबकि मुर्दे दुबारा उठा*

खड़े किये जाएँगे। (अल्लाह ने) फर्माया, तुझको मोहलत उस वक्त के दिन तक जो मुकर्रर है (तो इस तरह इस कोड़ (आयत) मे अल्लाह ने इन्सान को आगाह किया इस शैतान की शक्ल में मौजूद वायरस को जो की अगर कमप्युटर के अन्दर घुस जाए तो सभी फाइल्स् को खा जाता है। उसी तरह अगर कोई अल्लाह का बन्दा अपने दीमाग में मौजूद कुरआन के कोड़स् की तफ्सील को महफूज करना चाहता है तो शैतान को अपने करीब नही आने देगा और इसकी हिफाजत के लिए अल्लाह ने हमे नमाज की शक्ल मे हथियार दे रखे है जो की पाँच बार एक दिन में हमें शैतान से बचाने के लिए पॉवर देती है और यह शेतान हमें सीधे रास्ते पर चलने से रोक नही सकता। इस तरह आज इस नये जमाने की खोज जिसे कमप्युटर कहते हैं कुरआन के इन कोड़स् में इसकी जानकारी है इसलिए इस तरक्कीआफ्ता इन्सान ने कुरआन में मौजूद कोड़ को क्लिक किया और दिमाग में मौजूद फाइल ने पूरी जानकारी बयान कर दी।

इसकी मिसाल हम यहाँ बयान कर रहे हैं की अल्लाहरब्बुल इज्जत ने कुरआन में आयत (कोड़) में लिखा कि ऐ आदम तुम जन्नत के बाग में रहो, खाओ और पियो लेकिन इस पेड़ के करीब मत आना।

अल्लाह ने आदम को साफ कहा की पेड़ के करीब मत जान, शैतान (इब्लीस) जिसने अल्लाह की यह हिदायत सुन रखी थी उसने अपनी अक्ल चलायी और जन्नत मे जहँ पर ह: आदम (अ.स) और हव्वा रहते थे अपना भेस बदल कर आया और ह: आदम (अ.स.) से कहने लगा कि जिस पेड़ के करीब आपको जाने मना किया गया है वह तो एक फायदेमन्द फल से लदा है अगर आप उसे खा लेते तो हमेशा हमेशा आप जिन्दा रहेंगे। तब ह: आदम (अ.स.) ने इन्कार किया – की मैं अल्लाह के हुक्म को मानता हुँ और मैं हरगिज बेहुक्मों में शामिल नही हो सकता। तब शैतान (इब्लीस) ने कहा; लेकिन आदम, अल्लाह ने तुम्हारी जौजा हव्वा को तो मना नही किया और न उस पेड़ के फल खाने को मना किया तो हम तुम्हारे हमर्दद होने के नाते तुम्हे एक सलाह देते है कि हव्वा उस पेड़ के पास जाएँ और फल ले आएँ फिर तुम दोनो उसे खा लो इस तरह अल्लाह का हुक्म भी नहीं टूटेगा और तुम हमेशा इस जन्नत में आराम से रहोगे और ह: आदम (अ.स.) ने ऐसा ही किया। हव्वा ने उस पेड़ से फल तोडे और दोनो ने उसे खा लिया। शैतान अपनी कामयाबी पर बड़ा खुश हुआ कि मैंने आखिरकार अल्लाह के बनाए हुए बन्दों को बहका दिया। फिर अल्लाह ने दोनों को जन्नत से बाहर कर दिया।

अगर ह: आदम (अ.स.) अल्लाह के ऊपर दिये कोड़ का अपने दिमाग में मौजूद फाइल में, इसका खुलासा पढ़ते तो ऐसी गलती नहीं करते क्योकि दिमाग मे मौजूद इसकी तफ्सील कहती है यह पूरा पेड़ तुम्हारे लिए नुकसान देने वाला है और इस पेड़ का जूज इसका फल है अगर यह फल खाओगे तो नुकसान उठाओगे। तो पेड़ के करीब न जाने का मतलब ही यह था क्योकि जो कोई भी किसी फलदार पेड़ के करीब पहुचँता है तो उसके दिल में यह लालच पैदा होती है कि किसी तरह इसका फल हमारी जुबान को जायका पोहंचाए और वह उसे हासिल करने पर आमादा हो जाता है तो अल्लाह का पेड़ के करीब मत जान मतलब यही था कि फल मत खाना।

अल्लाह पाक ने कुरआन में कोड़स् से बात की ताकि हर इन्सान अपने दिमाग में मौजूद फाइल्स् के पन्ने पढ़े और अल्लाह की इताअत करें । जिन लोगों ने भी अपने दिमाग में मौजूद फाइल्स् के बताये तरीको पर अमल किया आज वह दुनियाँ के दानिशवरों में मुकाम रखते हैं।.

(ग्रॅव्हिटोन)

इस दुनिया में जितने भी मजहब हैं सबने अपने हिसाब से अपने – अपने खुदा बना लिए हैं और यह मान कर चल रहे है कि हमारे इन भगवानों में कोई न कोई ताकत मौजूद है और इसी सिध्दान्त को अपनाते हुए काफिरों की कौम है जो की पत्थरों में कोई शक्ति मौजूद है और इसी से अपनी मन्नते माँगते हैं, एक कौम ऐसी है जो जानवरों की पूजा करते हैं और इनके भगवान बने हाथी, शेर, साँप और आधा जिस्म शेर, आधा जिस्म इन्सान इस तरह काफिरों की कौम इनकी इबादत करते हैं और अपनी मन्नते माँगते हैं और आज तक इसी यकीन पर टिके हैं।

एक और कौम है जिसे पारसी कहते हैं इन्होने अपना खुदा आग को बना रखा है और इसकी इबादत करते हैं।

इनका विश्वास है कि इस आग के अन्दर ही ताकत है और ये लोग इसी में लिप्त है, कुछ गैर मजहब ऐसे भी है जो पेडों की पूजा करते हैं और इसलिए यह बरगद का पेड़, पीपल का पेड़, और तुलसी के पेड़ों की इबादत

करते हैं और इन काफिरो का ऐसा मानना है की इन पेड़ो में ताकत मौजूद है इनके हिसाब से इनकी मन्नते इन्ही पेड़ो से पूरी होती है। इस तरह जितने भी गैर मजहब हैं इन सबने अपने लिए अलग-अलग खुदा बना लिये हैं और हिन्दु मजहब है जिसने हाड मास के बने इन्सान को देवता और भगवान मान लिया है और इन्ही लोगो से अपनी मन्नते माँगते है और इन्सानी जिस्म से पैदा हुऐ भगवान इनके पालने वाले हैं- माज अल्लाह! यह हम अच्छी तरह जानते हैं कि जितनी भी मखलूकें हैं वह सभी अपनी ही मखलूक का साथ देगी चाहे उसका फिसद ५१ और ४९ ही क्यों न हो और मोहब्बत भी करेगी, जैसे अगर कोई इन्सान अपने पास बिल्ली पालता है और वह उसे अपने बच्चे की तरह प्यार करता है; लेकिन अगर कोई ऐसा वक्त आ जाए की इस बिल्ली के हिस्से में आती हो और एक दूसरा इन्सान भी वहाँ पर पहुँच जाए और हालत ऐसे हो जाए की वह रोटी इन्सान को न दी जाए तो मर जाए और यही हालत उस बिल्ली को हो जाए जिसे वह बेहद प्यार करता है, तो यह मालिक किसे रोटी दे? थो यहाँ पर इन्सान – इन्सान को बचाने के लिए रोटी का चौथाई हिस्सा बिल्ली को दे और दो तिहाई इन्सान को देगा, इस तरह जानवर, जानवर को प्यार करेगा यानि पक्ष लेगा और पहाड़ , पहाड़ का, पेड़, पेड़ का, शैतान, शेतान का, फरिश्ते का पक्ष लेगा और जिन्न, जिन्न का फेवर करेंगे।

अगर इन मखलीकों में किसी को खुदा बना दिया तो इस कायनात में उन पत्थरों के अन्दर मौजूद कीड़ों का क्या हाल हो, समन्दर में मौजूद मछली को कौन गिजा पहुँचाऐगा ? यह एक ऐसा सवाल है जो बिना लिखे रह नहीं सकता। इसलिए इस्लाम ने इन सभी खुदाओं को नकारा और कहा हमारा खुदा तो ऐसा है जो किसी के साथ भेद-भाव नहीं करता वह पत्थर में मौजूद सुक्ष्म और विशाल से विशाल मुखलूक को अपनी खुदाई में रखता है और जमीन और आसमान में मौजूद सूक्ष्म से सुक्ष्म और इन्हें पालता है और परवरिश करता है चाहे वह जंगलो मे रहने वाली मखलूक हो या समुन्दर के तल पर बसने वाली जड़ी बुटियाँ हो। वह सब को देख रहा है कोई भी मखलूक उसकी पहुँच से बाहर नहीं है । आज सायन्स के लोग यह कह रहे हैं की एक बहुत बड़ी पॉवर इस कायनात में मौजूद है जिसे **"ग्रॅव्हिटोन"** कहते है। ग्रॅव्हिटोन का मतलब है खींचने की ताकत और इसकी चाल २० लाख मिलियन लाइट इयर एक सेकंड में और यह ग्रॅव्हिटोन इस कायनात के एक सिरे से दूसरे सिरे तक फैला है। सायन्सदानों का खयाल है इसकी चाल ३ लाख किलोमीटर पर सेकण्ड और इतना पॉवरफूल है कि इसके गुजरते वक्त कोई बाधा पैदा नही हो सकती। यह मोटी से मोटी फौलाद से बनी हुई दीवार के पार भी जा सकती है और समुन्दर के सतह तक पहुँच जाती है और यह जर्रा बराबर भी अपना रास्ता नहीं बदलती। लेकिन

इन सायन्स के माहिरों ने इसके केन्द्र (सेन्टर) की जगह नही बतायी यानि इसकी खोज यहीं पर बन्द हो गयी और आगे इसकी खोज नहीं कर सके कि इस पावर का जखीरा किधर मौजूद है।

कुरआन इस पावर के बारे में पहले से ही खुलासा कर चुका है की अल्लाह जो एक नूर है यानि पॉवर यह लतीफ (सुक्ष्म – सुक्ष्म) और रब्बुल आलमीन (विशाल से विशाल) तक पहुँच रहा है और इसकी कोई हद नहीं और इस कायनात का मालिक नूर है वह गैर मजहबों की तरह (उनके अपने खुदाओं की बनावट) नहीं बना है क्योकि इस कायनात का मालिक किसी मखलूक के साथ भेद – भाव नहीं रखता वह हर शय को अपनी खुदायी में पनाह देता है और परवरिश करता है, सुबहानअल्लाह। गैर मजहबों, जैसे हिन्दु मजहब की एक मॅथोलॉजी यह भी है कि उनके भगवान शंकर एक बार भाँग के नशे में चूर थे। इसी दरमियान एक फरियादी मदद् के लिए आता है, उनकी जौजा पार्वती उनको जगा रही है लेकिन भगवान मदहोश पड़े हैं तो यह कैसे भगवान् है ? अपने भगतो की मदद करने के बजाय नशे में मदहोश पड़े है और अगर हम इस्लाम के एक पैगमबर का किस्सा सुनाए की जब की एक बार रसूले खुदा (स.अ.स) फतह होकर अपने जेहादीयों के साथ वापस लौट रहे थे और लोगों को माले गनीमत बाँट रहे थे, एक गुँगा शख्स यह सब देख रहा था कि मेरी आवाज नबी (स.अ) तक कैसे पहुँचे इसलिए उसने एक कंकर उठाकर नबी पर फेंका, सहाबियों ने फौरन तलवार खीच ली कि किसकी जुर्रत ? तब ही नबी ने कहा तलवार उठाने की कोई जरुरत नहीं है। यह पत्थर का टुकड़ा उस पेड़ पर मारा गया है जिस पर फल लदे हुए हैं और कंकर फेकने वाला भी अपना हिस्सा चाहता है और फिर नबी (स.अ) ने सहाबियों से कहा यह जितना भी माँगता है इसे दे दिया जाए। इस तरह हमने फर्क देखा की हिंन्दु भगवान सो रहे है और अल्लाह का हबीब मदद कर रहा है।

ग्रॅव्हिटोन एक सेकण्ड में १० लाख मिलियन लाइट ईयर की दूरी तय करता है और वापस अपने मरकज में पहुँच जाता है यानि एक सेकण्ड में २० लाख मिलियन लाईट एअर हुई। इस तरहा इसकी चाल २० लाख मिलियन लाइट इयर हुई अब हम यह कह सकते हैं कि न्युटन ने जब इस ग्रॅव्हिटोन के बारे में पहली बार जिक्र किया कि इस कायनात में एक ऐसी पॉवर मौजूद है जो कि एक सिरे से दूसरे सिरे तक पहुँचने में इक सेकण्ड लेती है और

यह इस १ सेकण्ड में ३ लाख मिलियन लाईट ईयर का सफर तय करती है या कुछ ज्यादा भी हो सकता है। जब कि हम खुलासा कर रहे हैं कि यह लाइट (नूर) १ सेकण्ड में २० लाख मिलियन लाइट ईयर का सफर तय करती है या आने वाले वक्त में यह सफर और लम्बा हो सकता है। जिस तरह गैर मजहबों ने मुखतलीफ-मुखतलीफ ताकतों (पॉवर) को अपना खुदा मान लिया उसी तरह मजहबे सायन्स के मानने वालो ने ग्रॅव्हिटोन को अपना खुदा मान लिया, लेकिन अपने खुदा का मरकज खोजने में नाकामयाब रहे। अब अगर हम गैर मजहबो की किताबो जैसे गीता, रामायण, महाभारत, अथरवदे, ऋग्वेद, सामवेद और यजूर वेद या महावीर या बुध्द के मानने वालों या पारसियों की किताबों में इस ग्रॅव्हिटोन के बारे में मालुमात करना चाहे तो नही मिलता लेकिन जैसे ही इस्लाम की पाक किताब कुरआन में देखा तो ग्रॅव्हिटोन का जिक्र अल्लाह ने १४०० साल पहले ही कर दिया था लेकिन सिर्फ इसके गुण और करामात ही बयान किये क्योंकि जिस वक्त कुरआन उतर रहा था अगर इस अंग्रेजी नाम का जिक्र किया जाता तो कोई भी नहीं समझता।

कुरआन के पारा नं. २ सूरे बक्ररा की आयत नं. २८४ में अल्लाह फर्माता हैं कि जो कुछ आसमानों में और (जो कुछ) जमीनो में हैं (सब) अल्लाह ही का है। और (लोगों) जो तुम्हारे दिल में है अगर उसको जाहिर करो या उसको छिपाओ, अल्लाह तुमसे उसका हिसाब लेगा फिर वह जिसको चाहे बख्शेगा और जिसको चाहे सजा देगा और अल्लाह हर चीज पर काबू रखता (रिमोंटकन्ट्रोल) हैं।

ऊपर दी गयी आयत में अल्लाह ने साफ कर दिया की उसका नूर (पॉवर) ग्रॅव्हिटोन जमीन से लेकर आसमानों में मौजूद नामालूम सितारो तक उसके इशारो पर पहुँचता है। तब ही तो अल्लाह पाक ने फर्माया मेरे काबू में है यानि इस ग्रॅव्हिटोन का मरकज अल्लाह का नूर है।

(कुरआन के पारा नं. ३ सुरे आले इमरान की आयत नं.२ में अल्लाह फर्माता है कि (अल्लाह) के आलावा कोई इबादत के लायक नहीं, जिन्दा और कायनात को सभांमने वाला है)।

इस आयत में बिल्कुल साफ है कि अगर किसी मशीन का काम रौशनी देना है तो अगर वह जिन्दा हो यानि उसमें पॉवर मौजूद होगा तब ही रौशनी दे सकेगी और जो भी उसकी हद मुकर्रर होगी उस हद को अन्धेरे से महफूज (संभालेगी)। इसलिए इस आयत का मतलब यह हुआ कि ग्रॅव्हिटोन जिन्दा है और अल्लाह के कन्ट्रोल में है और यह ला हद है। इस आयत में "संभालनेवाला" का मतलब है कन्ट्रोल करने वाला।

आज के नये दौर में हर मजहब की इस सिध्दान्त पर एक राय है कि खुदा एक नूर है या उसमे से लगातार प्रकाश निकल रहा है।

अल्लाह रब्बुल इज्जत ने इस कायनात में जितने भी बन्दे भेजे सबके दिमाग में इल्म भरा और जो कुछ भी इस कायनात में होने वाला है वह भी भरा। अब इन्सान को अपने दिमाग मे बेशुमार मौजूद पन्नों को पलटना बाकी है और अल्लाह तआला ने इसलिए इस इन्सान को सभी मख्लूको पर अफज़ल किया और कहा यह इनसान अशरफुल मख्लुकात है ।

हमने उपर यह लिखा कि यह नूर बहुत ताकतवर है तब एक सवाल और पैदा होता है कि इतनी ज्यादा ताकत रखने के बावजूद यह हवा की तरह बड़े – बड़े पेड़ों को, इन्सानो को, गाडियों को और घरो को क्यों नही उडाता ? इस सवाल के हल के लिए हमें कुरआन की आयतो को पढ़ना पड़ेगा।

कुरआन के पारा नं. २० सूरे कसस में अल्लाह फर्माता है कि हजरत मूसा (अ.स) अपनी जौजा को मदयन् से वापस मिस्र ला रहे थे तो ह. मूसा (अ.स) को पहाड़ पर एक आग दिखायी दी। तो उस आग को पाने के लिए आप पहाड़ पर गये तो यह आग जो कि एक पेड़ से निकल रही थी जैसे ही उसके करीब गये तो पेंड़ रुपी आग पीछे हटती चली गयी। तो ह.मूसा (अ.स) वापस लौटने लगे तो यह पेड़ ह. मूसा (अ.स.) के पीछे हो लिया तो आप घबरा कर तेज दौड़ने लगे तब ही एक आवाज आई, ऐ मूसा मैं खुदा हुँ, तुम्हें घबराने की जरुरत नही तब ह. मूसा (अ.स) रुक गए ।

अगर हम कुरआन की आयत पर गौर करे कि वह एक अजीब आग (रौशनी जो की लाल रंग की थी) जिसमें इतनी ताकत की एक इतने बड़े पेड़ को उड़ा रही थी।

इस तरह एक बार नबी – ए- करीम (स.अ) सहाबियों को खुतबा दे रहे थे कि अल्लाह फर्माता है कि मोमिन का मर्तबा काबे से भी ऊँचा है कि अगर सच्चा मोमिन इस कोहे सफा को हुक्म दे तो यह अपनी जगह से चलकर आता है। अभी यह अल्फाज पूरे ही हुए थे कि कोहे सफा आप के पास चलकर पहुँच गया। तकरीबन उस वक्त आपके पास ३० सहाबी मौजूद थे। सब ने रसूल का मौजिजा देखा तब ही रसूल ने कहा की ऐ कोहे सफा तुझको

हमने आने का हुक्म नहीं दिया यह सुनते ही कोहे सफा अपनी जगह पर जा पहुँचा, लेकिन सायन्स के माहिर यह तो मानते हैं कि कोहे सफा एक बार अपनी जगह से जरुर हटा है।

आयत नं.१७२ में अल्लाह तआला खुद इस बात का खुलासा कर रहा है कि मैनें आदम की पीठ से औलादें निकली। मतलब यह हुआ कि अल्लाह तआला ने ह.आदम (अ.स.) को दुनियाँ में भेजने के पहले ही सब रुहें तैयार कर दीं और अल्लाह ने सभी रुहों को अपने सामने हाजिर किया और उनसे पूछा की मैं तुम्हारा परवरदिगार हूँ या नहीं सभी रुहों ने जवाब हाँ में दिया, अब कयामत काफिरों को होशियार कर रहा है कि मैं ही तुम्हें जिलाता हूँ और मैं ही तुम्हें मारता हूँ। और जिस तरह तुमको हमने पहली बार जिन्दा किया, दुबारा भी जिन्दा करुगा और तुम्हे हमारे ही पास हर हालत में लौटकर आना है लिहाजा मेरी ही इबादत करो, मैं तुम्हारा परवरदिगार हूँ।

अब काफिर का यह कहना रुह जहाँ से आती है वही वापस चली जाती हैं और रुह फिर अल्लाह में मिल जाती है यह बात कितनी बेबुनियाद है और फिर यह कहना कि वापस भेजी गयी रुह को अल्लाह वापस दुबारा जिस्म देकर दुनियाँ में भेजता रहता है मतलब यह हुआ की ईश्वर के पास रुह की कमी थी माज अल्लाह! इसकी मिसाल हम उस तरह भी देकर काफिरों की बातों को गलत साबित कर सकते हैं कि आज से १०० साल पहले हिन्दुस्तान की आबादी २० करोड़ थी तो आज २००२ में यह आबादी १०० करोड़ कैसे हो गयी। यह बकी की ८० करोड रुहे कैसे बढ़ गई? हिन्दुस्तान ही नही दुनियाँ के हर मुल्क की आबादी बढ़ती ही जा रही है। जहाँ पहले आबादी १ करोड थी वहाँ अब ५ करोड़ हो गयी लिहाजा काफिरों की यह दलील कितनी झूठी साबित हो गयी। इस्लाम तो आज से १४०० साल पहले ही बता चुका है कि अल्लाह ने बेहिसाब रुहें बना रखी हैं और जो रुहें अपना वक्त दुनियाँ में पूरा कर चुकी हैं वह अलमे अरवा (बर्जख) में कैद कर दी गई हैं और कयामत के दिन अल्लाह उनके मिट्टी में मिल चुके जिस्मों को फिर जिन्दा करेगा और उनका फैसला किया जायेगा, लेकिन जो लोग काफिर रहे और काफिर होकर मरे इनकी रुहें कयामत तक भटकती रहेगी। यह काफिर होने की दुनियावी सजा हैं। आखिरत में तो इससे लाख गुना ज्यादा सजा के सजावार होंगे।

क्या रुहों को बना सकते हैं ?

आज के सायन्टिस्टस् पिछले कई साल से इस कोशिश में मशगूल है कि किस तरह इन्सान को बनाया जाए इसके लिए उन्होंने आटिफिशियल (नकली) इन्सानी हिस्से बनाए और उसमें जान डालने की कोशिश में लग गय लेकिन आज तक नाकामयाब है। इन सायन्सदॉनों की एक और कोशिश जारी है की अगर इन्सानी रुह को कैद कर ले तो शायद इस मसनवी बनाए गये इन्सान में जान आ जाएँ। लेकिन लाख कोशिश करने के बाद भी रुह को कैद करने में नाकाम रहे। अल्लाह तआला ने कुरआन में साफ फर्माया की हमने मखलूके इन्सानी को सब मखलूकों पर अफजल किया क्योंकि आदम को जो इल्म था वह फरिश्तों को भी नही है। *कुरआन में पारा नं. १ सूरे बकरा की आयत नं. ३१ और ३२* में अल्लाह पाक ने फर्माया और (फिर) आदम को सब (चीजों के) नाम बता दिये, फिर (उन चीजों को) फरिश्तों के सामने पेंश करके कहा कि अगर तुम सच्चे हो, तो मुझको इन चीजों के नाम बताओ फरिश्तें बोले – तू पाक हैं, जो तूने हमको बता दिया है उसके सिवा हमको कुछ मालूम नहीं। सचमुच तू ही जानने वाला मसलहत पहचानने वाला है और अल्लाह के हुक्कम से आदम ने उन चीजों के नाम बता दिए तो हमने देखा ऊपर दी गयी आयत में अल्लाह ने फरिश्तों से भी ज्यादा इल्म मखलूके आदम को दिया। अगर आज के सायन्स के माहिर कूरआन कि उन आयतों पर तवज्जहु दे जिसमें ये कहा गया कि आदम के पुतले को अल्लाह ने दुनिया से लायी गई मिट्टी से बनाया और उसके बाद इसमें रुह डाली और वैसे ही आदम बोलने लगे इसलिए अगर सायन्टिस्टस् लोग इन्सान का गोश्त से एक नया पुतला बना ले और उसमे इसी तरह के दिल, गुर्दे, फेफड़े, कलेजी, दिमाग, आँखे, कान, नाक वगैराह – वगैराह गोश्त से बनाकर तैयार करे फिर उसमे खून को भर दें तो उम्मीद की जा सकती है कि अल्लाह तआला इस सायन्टिस्टस् बातें तो बड़ी-बड़ी करते हैं लेकिन आजतक इन्सानी खून भी न बना सके जिस्म तो बहुत दूर की बात है। हम यहाँ पर सभी हिस्सों की बात नहीं कर सकते सिंफ अल्लाह का बनाया हुआ एक जरुरी हिस्सा जिसे किड़नी (गुर्दे) कहते हैं अल्लाह ने इस गुर्दे के अन्दर एक आँत बनायी है जिसकी लम्बाई इतनी है कि हम जिस दुनियाँ में रह रहे हैं उसको इस आँत से ६ बार लपेट सकते है। जब हम पानी पीते हैं तो तकरीबन ड़ेढ़ दो घंटे बाद ये पानी इस आँत से गुजरता हुआ पेशाब के रास्ते निकल जाता है। सोचने की बात यही है कि ये पानी दो घन्टे के अन्दर ६ बार दुनिया के चक्कर लगा लेता है और ये गुर्दे इन्सान के जिस्म का एक बेहद जरुरी हिस्सा है। आज तक इस ॲडव्हान्स दुनियाँ में एक गुर्दा तक न बन सका लेकिन अल्लाह ने अपने इस बन्दे को हर तरह के इल्म से नवाजा है अगर

कोशिश करते रहे तो आने वाले दो लाख सालो में कामयाब हो जाएँगे, क्यों कि हमने कुरआन में ये पढ़ा है कि अल्लाह तआला ने ह. ईसा (अ.स.) को यह मौजिजा दे रखा था कि वो मुर्दो को जिन्दा कर दिया करते थ। मतलब ये हुआ की ह. ईसा (अ.स.) ने रुहों पर अपनी पकड़ अपने इल्म के जरिए कर ली थी जो कि मखलूके आदम के एक पैगम्बर थे इसलिए आने वाले दो तीन लाख साल बाद रुहों पर इन्सान की पकड़ हो जाएगी।

अगर हम आज से सौ साल पहले के दुनियाँ को देखें कि एक मामूली बुखार से इन्सान मर जाया करता था, लेकिन आज बुखार का इलाज कितना आसान हो गया । हमने ये भी देखा की पॅलेग, हैजा, मलेरिया, चेचक, टॉईफॉइड, टी.बी. जैसी बिमारियों का कोई इलाज ही न था। इन बिमारियों की वजह से पूरे गाँव और क़स्बा मर जाया करते थे, लेकिन आज इन्सान कि मेहनत से इन बिमारियों से कम ही लोग मरते हैं। इसका मतलब यह हुआ की अल्लाह तआला ने इन बिमारियों का कन्ट्रोल इन्सान के हाथ में दे दिया और अल्लाह खुद चाहता है के इंसान इस काबिल हो जाए के अल्लाह के दिए हुए इल्म को पूरी तरह समझ ले ताकि अल्लाह का वह बयान की इन्सान सबसे अफजल हो पूरा हो जाए।

इस तरह हमने ये देखा कि अगर इन्सान कोशिश करे तो रुहें भी उसके कब्जे में आ सकती हैं।

अल्लाह तआला कुरआन में फर्माता है कि हमने इन्सान की आँखो पर पर्दे डाल रखे हैं और साथ मे ये भी बयान किया हमने जमीन और आसमानों पर मौजूद नेअमतों को इन्सान के लिए बनाया है ताकि वह हमें पहचाने।

ऊपर की दी हुई आयत में अल्लाह का ये बयान की हमने आँखों पर पर्दे डाल दिये हैं पहले हम इस की तशरीह करते हैं। अगर कोई दुनियाँ का माहिर तस्वीर बनाने वाला एक से बढ़कर एक लाजवाब तस्वीरें बनाकर एक नुमाईश में रखे लेकिन किसी तस्वीर पर भी अपना नाम न लिखे और उसकी ये कोशिश हो कि लोग हमें पहचाने हर तमाशाबीन तस्वीरों को देखकर उसकी तारीफों के पूल बनाता रहे और उन तस्वीरों को चूम भिले लेकिन जिस शख्स ने इन तस्वीरों को बनाया है वो ये वोह यह देखे तस्वीर तो हमने बनाई चूमना तो हमे चाहिए था तारीफ़ तस्वीरो की हो रही है लेकिन हमारी कोई तारीफ नहीं , यहाँ तक की कोई मुझे पूछ भी नहीं रहा है।

अब किसी शख्स ने देखा की इतनी नायाब तस्वीरें लेकिन कोई भी इसको बनाने का सेहरा मोल नहीं ले रहा है तो सोचा लाओ क्यों न मैं अपने नाम का ऐलान कर दूँ। जैसे ही वह खड़ा होकर कहता है इसका बनाने वाला मैं

हुँ उसी वक्त एक दूसरा शख्स खड़ा होता है और कहता है मैं इसका मालिक हूँ। इसी तरह तीसरा, चौथा, पाँचवा, छटा और इस तरह करोड़ों की तादाद में इन नायाब तस्वीरों के बनाने वाले वारिस बन जाते हैं लेकिन वह जिसने यह नायाब चीजें बनाई वह देखके मुसकुरा रहा है कि वाह कैसे लोग हैं जो कि आपस में झगड़ कर अपने को इसका मालिक बता रहे हैं। जब इस (कलाकार) ने यह देखा यहाँ तो लोग झूठे मालिकों पर अपना आकिदा रख रहे है तब उसने अपने चुने हुए नुमाईदों को भेजना शुरु किया कि जाओ और इनको समझाओ कि इन नायाब चीजों को बनाने वाला अगर कोई है तो वह एक है। अगर तारीफ करनी है तो उसी की करो, अगर सजदा करना है तो उसी के सामने। इस तरह उस कलाकार ने अपने एक लाख चौबीस हजार नुमाईदे भेजे ताकि सच्चाई को सामने लाया जाँए लेकिन उसके बावजूद आज भी करोंड़ों लोग इस बात को देख नहीं पा रहे हैं

इस लिए यह कहा गया की इन आँखों पर परदे पड़े हुए है कि इतनी नायाब चीजों को बनाने वाला वो सिंफ एक और वह सिंफ अल्लाह है और अगर अल्लाह का मतलब निकाला जाए तो मतलब होता है कुछ भी नही यानि अल्लाह जिसने इतनी बड़ी कायनात, समन्दर, पहाड़, चाँद, सितारे बनाए यह लहलदाती हुई जमीन बनायी और एक मखलुके इन्सान को बनाया, फरिश्तों को बनाया, जिस्मो को बनाया, परिन्दो, जानवरों को बनाया, बागो को बनाया तो फिर हम क्यों नहीं पहचान पा रहे हैं उस नूर को जो इन सब का मालिक है। इसलिए कुरआन में यही कहा गया ये अन्धे हैं, आँखें होते हुए भी, बहरे हैं कान होते हुए भी, गूँगे हैं जबान होते हुए भी। हम यह जानते हैं कि हमारी आखों के अन्दर कोई नूर मौजूद नहीं है जिससे की हम अँधेरे को देख सकें लेकिन अल्लाह ने अक्ल दी है जिससे हम समझ सकते हैं कि जो करोड़ो की तादाद में इस कायनात को बनाने का शर्फ लेते हैं और ये कहते है कि हम इसके मालिक हैं उनसे कोई यह कहे कि आप एक मख्खी बना के दिखा दीजिए तो हम समझें की आप इसके मालिक हैं. लेकिन अफसोस ये नहीं कर सकते फिर भी दावा करते हैं इस कायनात को बनाने का ।

इसके अलावा अल्लाह ने हमारी आँखो पर जो पर्दे डाल रखे हैं उसकी वजह है। सूरज जो करोंड़ो मील की दूरी पर मौजूद है और इसके अलावा एक और अनासीर जिसे ओझोन (O_3) कहते हैं उसकी एक परत अल्लाह तआला ने आसमान पर खीच रही है ताकि सूरज से निकलने वाली, नुकसान पहुँचाने वाली रेज (किरने) हम तक न पहुँच सके कॅयोंकि ये रेज आँखो के सीस्टम को खराब कर देगी। इन आँखों के अन्दर भी अल्लाह ने पर्दे रखे हैं जो कि कितनी ही खतरनाक वेव्ह को अन्दर आने से रोकती हैं। यानि अल्लाह तआला ने इन पर्दो

को बनाकर आँखो की हिफाजत की जब अल्लाह तआला ये देख लेता है कि बन्दे पर ईमान और नूर की रोशनी की एक मजबुत परत आँखो पर बन चुकी है और अब उसको किसी भी तरह की वेव्ह नुकसान नहीं पहुँचा सकती तो उसकी आँखों के पर्दे उठा लेता है और अब वह अल्लाह की गैंबी ताकतों को बखूबी देख सकता है और यह उसी तरह है कि जब सूरज पर पूरा गहन लगा हो तो उसको सही सही देखने के लिए एक खास किस्म का काला चश्मा पहनना पवता है ताकि आँखे भी न खराब हो और सूरज गहन अच्छी तरह देख भी सकें।

हम यह जानते हैं कि ऑक्सीजन एक भारी गैस है जो अगर अलहदा हो तो जमीन पर उगने वाली छोटी – छोटी घास को जला दे लेकिन अल्लाह तआला ने इसे हवा में मिला कर ऐसा करने से रोका, लेकिन इसी ऑक्सीजन (O2) में एक और ऑक्सीजन (O3) बन गयी लेकिन यह अब इस हालत में पहुँच गयी की आसमानों में एक परत बनकर इस दुनियाँ को सूरज से निकलने वाली नुकसान दायक रेज (किरनों) को रोक रही है जब की ओझोन का वजन बढ़ चुका लेकिन अल्लाह ने इसे इतना हल्का कर दिया की यह आसमान पर तैर रही है।

कलाकार का मतलब अल्लाह से है और तस्वीररों से मतलब उन पहाड़ो, झरनों, परिन्दों, परियों, जानवरों, समन्दर और मखलूकों से है जो अल्लाह ने बनाई और जिन लोगों ने यह कहना शुरु किया (झूठ का सहारा लेकर) और करोड़ों की तादाद में इसके मालिक यानि काफिरों के भगवान अल्लाह ने अपने चुने हुए नुमैन्दो यानी पैगम्बरों को भेजा इस पैगाम के साथ जाओ इन लोगों को समझाओ और इस कायनात को बनाने वाले की पहचान करवाओ ताकि यह कयामत के दिन असली मालिक को समझे और सीधे रास्ते पर चले। ताकि कयामत के दिन इनके साथ भलाई का सूलूक किया जाए और इस दुनियाँ से भी खुबसूरत अल्लाह की बनाई हुई और दुनियाँ से भी खूबसूरत अल्लाह की बनाई हुई और दुनियाँ है जिसको अल्लाह दिखाना चाहता है लेकिन पहले अपने अल्लाह को तो सही तरीके से समझो ताकि तुम्हारी आँखों पर पड़े हुए पर्दो को हटाया जा सके की तुम दूसरी दुनियाँ को देखने के लायक हो जाओ। इन गैर मजहबों ने अपने खुदाओं को अलग – अलग शक्ल दे रखी थी जैसे की एक भगवान जिनको शेषनाग कहते है, इनकी पूरी शक्ल साँप की थी एक जिस्म लेकिन उनके घड़ से पांच़ साँप के फन जुड़े हुए दिखते हैं और ये इनको बड़े भगवानों में मानते हैं इनके हिसाब से पूरी दुनियाँ इनके ऊपर ही ठहरी हैं।

अब हम आपको इन साँपो की एक बिल्कुल ताजा जानकारी दे रहे हैं, मुम्बई के एक अखबार जिसका नाम नवभारत है एक खबर थी कि स्वीडन नाम के एक मुल्क में एक, दो सरों वाला साँप मिला है लेकिन यह दोनों एक दूसरे को अपना दुश्मन समझ रहे हैं इसलिए एक-दुसरे को काँटते रहते हैं यहाँ तक की अगर एक फन यह चाहे की मैं पहला शिकार करुँ तो दूसरा कुछ और शिकार करना पसन्द करता है इस वजह से यह दो फन वाला साँप भूखा रहता है इनको बचाने के लिए साँप के डॉक्टर इन्जेक्शन के जरिए उनको खुराक पहुँचा रहे है लेकिन ज्यादा दिन तक यह नहीं जी सकेगा।.

तो इस तरह अल्लाह तआला ने इन गैर मजहबों के लोगों की आँखें खोलने के लिए दो फन वाले साँप को पैदा किया ताकि हम उस पाँच सर वाले साँप को समझ सके जिसको की ये अपना खुदा मानते हैं और जिसको शेष नाग के नाम से पुकारा करते हैं। अखबार की खबर ने हमें जो बताया दो सर वाला साँप आपस में एक दूसरे को अपना सबसे बड़ा दुश्मन समझ रहे हैं तो हम ये कैसे यकीन कर ले कि जो शेषनाग जिसके पाँच सर थे तो वह जिन्दा रहा होगा, जरुर उन पाँचो में भी दुश्मनी होगी अगर वह इस दुनियाँ में शायद आये भी होंगे लेकिन भूख की वजह से मर गये होंगे। क्योंकि खबर ने यह भी कहा कि दोंनो साँपो की अलग-अलग ख्वाहिश रहती है अगर एक ने कुछ खाने की कोशिश की तो दूसरा फन उसको ऐसा करने से रोकता है जिसकी वजह से उनके पेट में खुराक नही पहुँच पा रही है। तो फिर तो पाँच मुँह वाला था शायद पाँच दिन भी न जी सका होगा क्योंकि आज की तरह उस दौर में इस तरह के डॉक्टर वगैरह नहीं हुआ करते थे। इसमें कोई दो राय नहीं इसलिए इस पाँच मुँह वाले साँप को अपना खुदा मानना कहाँ की अकलमंदन्दी है जो आपस में ही झगड़ा करके मर गये और जिस अल्लाह ने इस इन्सान के बस में बड़े- बड़े खतरनाक किस्म के जानवर, परिंदों को कर दिया जो की मजबुर है इन्सानी हुक्म मानने के लिए क्योंकि अल्लाह ने इन्सान को सारी मखलुकों में अफजल किया है। हमारा ये लिखना किसी मजहब के दिल को ठेंस पहुँचाना नही है बल्कि हम यह चाहते हैं हमारी तरह हमारे इस्लामी भाईयों की तरह और सायन्स की दुनियाँ जिसमे हम जी रहे हैं और इस तरक्की आफता दुनिया में हमारे जो आने वाले बच्चे हैं हमारी इसतरह की मान्यताओं का मजाक न उड़ाएँ क्योंकि इस २१ वी सदी में पैदा हुई पौद बेहद होशियार और अकलमन्द है ये पौद हर मान्यताओ को सायन्स के तराजू में तोलकर देखती है। इस लिए इस कलाकार (अल्लाह) ने अपनी बेहतरीन कारीगरी को पेश किया है चाहे वो दो फन वाला साँप या पाँच फन वाला साँप या फिर दो सिर वाला बछड़ा हो या किसी इन्सान के पीछे दुम लगी हो। ये सब उसकी कलाकारी के नमूने हैं

ताकि हम उसको (अल्लाह) को पहचान सके और उसकी तारीफ करे और ये कहे कि एक तु ही इबादत के लायक और उसका कोई भी शरीक नहीं और ह. मोहम्मद (स.अ.स) उसकी (अल्लाह) पहचान करवाने वाले पैगमबर और रसूल हैं जो उस पाक परवरदीगार की नुमैन्दगी कर रहे हैं।

हमने हिन्दुओं के अन्दर एक और कहानी सुन रखी है जो कि इस तरह है एक बार इनके (हिन्दुओं) भोलेनाथ नाम के एक भगवान जिनको ये लोग महादेव के नाम से पुकारते हैं एक बार इनकी बीवी जिनका नाम पार्वती था उन्होनें कुछ देर के लिए चुपके से अपने शौहर की आँखों को बन्द कर दिया तो ये जमीन हिलने लगी जैसे भूकम्प आ गया हो तो फौरन उन्होने अपनी तीसरी आँख खोल दी तब कहीं जाकर जमीन संभली।

एक और कहानी इन्हीं भोलेनाथ नाम के भगवान की बतायी जाती है कि एक बार शनि के देवता ने भोलेनाथ को परेशान करने के लिए एक वक्त मुकर्रर कर लिया। जब भोलेनाथ को, जो इनके भगवान कहे जाते हैं, शनि की इस हरकत का इल्म हो गया तो इससे बचने के लिए अपने जिस्म को हाथी की शक्ल में बदल लिया और एक जंगल में जाकर घास फूश वगैराह खाकर उस मुकर्रर वक्त तक अपनी जिन्दगी गुजारी और जैसे ही वह वक्त पूरा हो गया तो भोलेनाथ अपनी असली शक्ल में आकर शनि नाम के देवता के सामने हाजिर हुए और कहने लगे – देखा तुम मेरा कुछ भी बिगाड़ नहीं पाये, तो शनि नाम के देवता ने जवाब दिया क्या यह कम हुआ कि मेरे प्रकोप से बचने के लिए तुम्हें कुछ वक्त तक हाथी बनकर जंगलो में भटकना पड़ा; फिर भोलेनाथ इसका जवाब नहीं दे सके।

हमने ऊपर इन दो कहानियों को आपके सामने पेश किया जो की पहली कहानी मे अपने को इतना बड़ा भगवान बता रहें हैं कि उन की नजर पडी है तो दुनिया संभाली हुई है नहीं तो ये तहस-नहस हो जाए तो इतने बड़े भगवान को एक शैतान से डरकर जंगलों में भगाना पड़ा। जिस शनि की बात की जा रही है यह सूरज के ईर्द-गिर्द घुमने वाला एक ग्रह है जिसे शैतान कहते है और इसके अन्दर शैतानों की दुनियाँ है यह शैतान जिस पर सवार हो जाए तो उसका बहुत कुछ नुकसान कर सकते हैं। तो इतने बड़े भगवान को शैतान से डर कर भागना पड़ा, जिस दिन भगवान शैतान से डर जाए तो उस दिनइस दुनिया को कौन काबू में रख सकता है। कितनी अजीब बात है यह दोनों किस्से अपने आपको खुद-बखुद झूठा साबित कर रहे हैं। लिहाजा यह कहना कि भोलेनाथ की नजरों की वजह से ये दुनिया संभली हुई है कोई मानने को तैयार ही नही, ये सब मनगढ़त बातें हैं

क्योंकि इन्ही भोलेनाथ के बारे में एक और भी कहानी है कि एक बार भोलेनाथ ने भांग का इतना नशा कर लिया कि अपनी सुध बुध गँवा बैठे और उसी वक्त एक माँगने वाला इनके घर पहुँच गया तो इनकी बीवी पार्वती ने इनको उठाने की काफी कोशिश की लेकिन ये नहीं उठे और माँगनेवाला खाली हाथ लौट गया । अब यह बताया जाए कि जो इन्सान नशे में हो और बेसुध हो कि उसका दिमाग शन्य पर पहुँच चुका हो और इसे अब अपनी भी खबर नही की वो कहाँ है, तो इस वक्त तक ये दुनियाँ कैसे संभली रही इस पर कोई भूकम्प क्यों नही आया। कहाँ गया वह तीसरा नेत्र (आँख)।

अब कौनसी ताकत है जो इस दुनियाँ को संभाले हुए है ? कोई जवाब नही जिस तरह इन हिन्दुओं ने अपने भोलेनाथ की तस्वीरे शाया की है कि उनका रंग नीला है। उनके हाथ में एक लोहे का त्रिशुल है और त्रिशूल पर एक डमरु बना हुआ है, और इस त्रिशूल से बड़े-बड़े शैतान खौफ खाते हैं, गौर से देखो इस त्रिशूल को तो वहाँ अल्लाह लिखा दिखायी देगा। गले पर पहने हुए साँप का तरीका देखो तो साफ दिखता है जो साँप की कुण्डली बैठी हुई वह मोहम्मद लिखा हुआ है और बायें हाथ को देखो जिससे एक नूर निकल रहा हैं यह वही हाथ है जिसे यदे बैज़ा कहते हैं जो अल्लाह तआला ने ह. मुसा (अ.स) को अता फर्माया था, सिर के ऊपर देखो तो एक चाँद और एक तारा बना हुआ है जो कि इस्लामी निशानी है इस तरह इन हिन्दुओं ने भगवान की शक्लें बना ली लेकिन यह नहीं देखा कि इस भोलेनाथ का रंग रुप तो महजबे इस्लाम का है, इससे इन्हें सबक लेना चाहिए ताकि सीधे रास्ते पर चल सको। अल्लाह चाहता है कि कयामत के दिन सबके साथ भलाई की जाए इसीलिए अल्लाह ने अपने बन्दों से कहा मूझे पुकारो मैं तुम्हारा मालिक हूँ और हमें याद आ रही है सूरे बकरा की वह आयत नं. १८६ जिसमें अल्लाह ने अपने पैगम्बर को हिदायत देते हुए कहा ऐ पैगम्बर, जब मेरे बन्दे मेरे बारे में तुमसे पूछे तो (उनको समझा दो की) मैं तो पास ही हूँ। जब कोई कभी मुझे पुकारता है तो हाँ,मैं पुकारने वाले की दुआ को कुबुल कर लेता हूँ तो (उनको) चाहिए कि मेरा हुक्म माने और मुझपर ईमान लाए ताकि वह नेक राह पर रहे। अल्लाह ने पूरी मखलूफ को मौका दिया है कि अपने रब से जो चाहे माँगे मैं देने वाला हूँ उसके अलावा और कोई कुछ नहीं दे सकता जो पूरी दुनियाँ को बनाने वाला भी वही और कयामत के दिन इस दुनियाँ को तहस- नहस करने वाला भी वही, सब उसके मोहताज और वह सबसे आला है।

हमने यह देखा की भ़गवान जो कि इन्सानी जिस्म से हाथी बन जाता है सायन्टिफीकली इसे किस तरह साबित किया जा सकता हैं क्योंकि भोलेनाथ नाम के भगवान भी एक माँ के पेट से पैदा हुए और आज तक सायन्स में

ऐसा कहीं नहीं हुआ इसलिए मेरा यह सवाल है उन सायन्स के माहिरों से की अगर ऐसा मुमकीन है तो मुझे जरुर बताऐं ताकि मैं अपने इल्म को दुरुस्त कर सकूँ और मैं उनका शुक्र गुजार हूँ। दुसरी बात यह कि भोलेनाथ की आखों से पृथ्वी स्थिर रहती है जबकी आज के सायन्स ने यह साबित कर दिया कि आँखो से कोई भी नूर या प्रकाश या तरंग नहीं निकलती जो कि इस सूरज के चारों तरफ चक्कर लगाती हुई (पृथ्वी) को अपने कंट्रोल में कर सके क्यों कि इस्लाम के पैगम्बर ने एक बार ये करिशमा कर दिखाया था कि एक बार सूरज डूब गया तो आप की नमाज जाती रही इसलिए आपने पहली और आखरी बार अल्लाह के दिये हुए वरदान को याद किया कि ऐ नबी ये दुनिया हमने तुम्हारो काबू में दी उसी वक्त आप ने उस कंट्रोल की जगह पर हाथ रखा जिसे हम घुरी कहते है और उसको अन्टीक्लॉर्क वाइज घुमा दिया इसलिए सूरज की रौशनी अर्थ को फिर मिलने लगी आपने नमाज अदा कर दी जो कि सायन्स के माहिर साबित कर चुके हैं। अब बात बिल्कुल साफ हो चुकी है इन दोनो थीअरियों में कौन सच है और कौन झूठ, दोनो को सायन्स के नजरिए से तोला जाए क्योंकि इस्लाम में कभी अन्धविश्वास पर यकीन नहीं किया। पहले चीज को बनाई हैं फिर उसकी बनाने की थीअरि लिखी ताकि प्रूफ (साबित) करने में कोई दिक्कत पेश न आए।

इस कायनात को बनाने वाले ने कभी अपनी तारीफ नहीं की। उसने इस दुनियाँ में एक से बढ़कर एक खूबसूरत चीजें बनाकर लोगों को खूब सोचने पर मजबुर किया कि वह खुद समझ जाँए कि इसका असली मालकि कौन है, लेकिन जब उसने देखा यहाँ तो उलटा ही हो रहा है इस कायनात के एक मालिक नहीं करोड़ों की तादाद में मालिक बन बैठे हैं। तब उसने इन भटके हुए और गुमराह हुए लोगों को समझाने के लिए अपने चुने हुए नुमाईदों को (पैगम्बरों) भेजकर लोगों के आँखों पर पड़े पर्दे को हटाने की कोशिश की ताकि इन्हें सीधा रास्ता मिल सके और कुदरत ने ये भी कर दिखाया कि जो ऑक्सीजन इतनी भरी थी कि जमीन पर बैठ जाए लेकिन इस ऑक्सीजन में एक और जर्रा डाल दिया अब इसका वजन और बढ़ गया लेकिन अल्लाह ने अपनी कुदरत से इसको इतना हलका कर दिया की अब यह आसमानों पर तैर रही है।

रुह क्या है ? और इसकी शक्ल है या नहीं ?

रुहो (आत्माओं) के बारे में गैर महजबों की तहरीर को पहले बयान करते हैं । गैर मजहबो के मुताबिक अगर कोई शख्स मर जाता हैं तो उसकी आत्मा को फौरन उसके आमालों के हिसाब से दूसरी मखलूको के जिस्म में भेज दिया जाता है जैसे उसकी आत्मा को जानवरों के जिस्म में डाल दिया जाता है मसलन गाय, बिल्ली, छिपकली, चूहा, वगैरह – वगैरह और लाखों करोड़ो जिस्मों ने गुजर चुकने के बाद जब उसके अच्छे आमाल हो जाते हैं तो फिर उसको इनाम के तौर पर इन्सान की शक्ल में पुनर्जन्म होता है। अगर इनकी इस तहरीर को माना जाए तो सुबूत के तौर पर किसी साधू-सन्यासी के बयान पर समझाते हैं जैसे किसी साधू ने गवाही दी की कल एक चुहे ने हमसे आकर कहा की मैं पहले मनुष्य यौनि में था। लेकिन हमने इस यौनि में रहकर चूहों को बहुत नुकसान पहुँचाया था इसकी वजह से भगवान ने हमें चूहे की शक्ल में पैदा कर दिया तो साधू जी ने एक फर्मान जारी कर दिया की चूहों को मत मारो यह पाप है चाहे चूहे हमें कितना ही नुकसान पहुँचाए लेकिन किसी आम इन्सान ने आज तक यह नहीं कहा की फलाँ दिन एक बन्दर मेरे पास आया और उसने कहा हो की पहले जन्म में मै एक इन्सान था लेकिन मेरे खराब कार्मे की वजह से ईश्वर ने मुझे बन्दर की यौनि में भेज दिया। लेकिन अगर कोई हनुमान का हिमायती हो तो वह यही कहेगा की खबरदार बन्दरों पर जिल्म मत करना वरना तुम्हारा अगला जन्म बन्दर योनि में होगा।

आतमाओं (रुहों) के बारे में एक और तहरीर भी इनकी लिखी हुई है कि अगर कोई शख्स किसी हादसे में मर गया हो और अगर उसकी पूरी उम्र ६०साल थी लेकिन ४० साल की उम्र में ही एक हादसे में मर गया हो तो बचे हुए २० साल तक वह आत्मा भटकती रहेगी फिर उसके बाद किसी और यौनि में भेज दी जाती है।

गैर मजहब के लोग यह कहते हैं कि मैंने फलाँ आदमी को देखा जो कई साल पहले मर चुका था लेकिन अब वह एक खौफनाक भूत हो गया। अकसर किसी घर में एक बच्चा पैदा हुआ और वह यह कहता है कि यह मेरा पुनर्जन्म है और मैं फलाँ जगह का रहने वाला हूँ और फलाँ औरत मेरी बहु थी यानि ५० – ६० साल के बाद यह आत्मा फिर से पैदा हो गयी, मतलब यह हुआ की लाखों – करोडो योनियों मे जन्म लेने वाली बात गलत हो गयी

या फिर यह लड़का यह कहने के लिए मजबूर किया गया हो यानि पुनर्जन्म की तहरीर ही गलत है, या कोई एक तहरीर तो गलत हैं।

आज भी जयपुर में एक किले में एक औरत जिसने अपनी आबरु बचाने के लिए खुदकुशी कर दी थी आज भी उसके चिखने चिल्लाने की आवाज आती है जबकि इस हादसे को आज से ७०० बरस हो गये। अब यहाँ फिर अलग तस्वीर मिली क्योंकि किसी भी इन्सान की उम्र उस दौर में १३० साल के ऊपर नहीं होती थी अब अगर उसने ३० साल की उम्र में खुदकुशी की होगी तो उसे १०० साल और भटकना पड़ता लेकिन यह तो ७०० साल से आज तक मौजूद है। ईश्वर ने दूसरी योनि में क्यों नही भेजा? इस तरह हमने यह देखा की इनकी सभी तहरीरें एक – दूसरे को झूठा साबित कर रही हैं। अब इस्लाम क्या कहता है रुह के बारे में? मज़हबे इस्लाम में अपनी तहरीर में बयान किया की रुहों को अल्लाह पाक ने दुनियाँ को बनाने के पहले ही बना लिया था और नाम के साथ। इसके अलावा इनका दुनियाँ में रहने का वक्त भी मुकर्रर कर दिया था। किस रुह को किस मकसद के लिए बनाया यह तक अल्लाह तआला ने लौहे महफूज में लिखा रखा है । जब किसी ईमान वाले का दुनियाँ मे वक्त पूरा हो जाता है तो अल्लाह पाक अपने हुक्म से मलकुल मौत को भेजकर उस इन्सान की रुह को कैद करवा लेता है और इन्सान का जिस्म बिना रुह के बेजाना हो जाता है लेकिन रुह को अभी तक आलमे अरवाह में नहीं भेजा गया बल्कि ४० दिन तक अल्लाह के हुक्म से यह अपने रहने वाली जगह पर आती जाते रहती है और जब ४० दिन की मिआाद पूरी हो जाती है तो अब इसका मुकाम **आलमे अरवाह** है। अब यह कयामत तक कैद रहेगी और कयामत के दिन अल्लाह तआला इन रुहों को फिर आजाद कर देंगे और कब्र में मिट्टी में मिल चुके जिसमों को फिर दुबारा उनको हुक्म दंगे बन जाओ तो यह मिट्टी में मिले हुए जिस्म फौरन जुड़ कर पहले वाले जिस्म जैसे ही हो जाँएंगे और यह आजाद रुहे दुबारा अपने जिस्मों में समा जाएँगी और कब्रो से बाहर निकल कर हशर के मैदान में दौड़ती दिखायी पड़ेगा। इन जिस्मों पर कोई कपड़ा वगैरह नहीं होगा और यही कहेगी की हमको किसने जगा दिया लेकिन आज हशर के दिन अल्लाह इनकी जबान को बन्द कर देंगे और इनके हाथ और पैर की चमडी अपने गुनाहों का बयान करेगी क्योंकि इनके हाथ और पैर की चमडी में छिपे हुए ट्रान्समीटर जिसने इनके गुनाहों आवाजे रेकॉर्ड की है आज के दिन यह खोल खोल कर बयान करेगी। क्योंकि मुँह पर तो इन जिस्मों का कंट्रोल होगा और यह अपना गुनाह छिपाएँगे लेकिन ट्रान्समीटर का कन्ट्रोल अल्लाह के दफ्तर में

है जैसा की क़ुरआन में लिखा है। अब यह देखना है कि क्या रुहों की अपनी अलग – अलग शक्लें होती हैं? थो सवाल यह उठेगा की क्या गैस की कोई शक्ल होती है जवाब में नहीं आएगा जिस तरह गैस को जिस बरतन में रखिये वह उसकी ही शक्ल में बन जाएगी अगर गिलास में रखिये तो गिलास, बोतल में रखिये तो बोतल और खुले में छोड़ दि तो हवा मतलब यह हुआ की रुह की कोई शक्ल नही होती। यह मॅटर (पदार्थ) की बनी होती है। रुह के बारे में और जानना है तो हम यह कह सकते है कल तक एक अमजद नाम का आदमी चल फिर रह था और आज उसका जिस्म बेजान हो क्यों? क्यों मालूम हुआ की इनकी रुह निकल चुकी हैं। मतलब बिल्कुल साफ है कि जिस्म में रुह बिल्कुल उसी तरह है जिस तरह बॅटरी से चलने वाला रेडियो, जैसे ही उस बजते हुए रेडियो से अचानक बॅटरी (सेल) निकाली तो रेडियों मुर्दा हो गया और जैसे ही उसमें सेल दुबारा डाला वह फिर से बजने लगा। मतलब यह हुआ कि रुह जिस्म के लिए एक सेल का काम कर रही है। अब यह देखना है कि यह सेल क्या है, तो हमने देखा इस सेल के अन्दर दो छेड़े मौजूद है और दोनों ही अलग अनासिरो की बनी है। एक छेड़े को ताँबा कहते है और एक छेड़े को जस्ता कहते हैं और इन दोनों के बीच में एक पानी मौजूद है जिसे डायल्यूट सल्फयुरिक ॲसिड कहते हैं, अगर हम यह चाहे की दोनो छेडों को एक ही अनासिर का किया जाए तो सेल का सर्किट पूरा नही होता हैं। अब हम इसमें देखते हैं कि जास्ते से निकलने वाली इलेक्ट्रॉन तांबे के छेड़े इकट्ठा हो रही है और यह ताम्बे का छेड़ा अपने ऊपर मौजूद इलेकॅट्रॉन की वजह से नूर में तब्दील हो रहा है और यह नूर सेल की ताकत बनकर रेडियों में रुह का काम कर रहा है।

अब अगर हम एक सिरे पर तांबे को त्वाबो (अल्लाह) एक अनासिर कहे और दूसरे सिरे पर जस्ते को जव्वादो (मोहम्मद स.अ.स.) दुसरा अनासिर कहे और इन दोनो अनासिरों के बीच मौजूद पानी जिसमे बहुत कम तादाद में H_2SO_4 मिला है यहाँ पर अल्लाह यानि तव्वाबो की जलाली (गर्म) निगाहें जैसे ही जव्वादों (मोहम्मद स.अ.स) पर पड़ी और पानी बना यानि मीडियम बना और फौरन यानि मीडियम बना और फौरन इलेकट्रॉन निकल कर ताँबे (तव्वाबों) पर जमा होकर नूर पैदा करने लगे यानि रुह बनना शुरु हो गयी।

मतलब बिल्कुल साफ है कोई भी बन्दा और उसकी रुह अल्लाह और मोहम्मद (स.अ) के बीच में ही है और उसके एक हाथ में अल्लाह की इबादत की तौल और दुसरे हाथ में अल्लाह के हबीब की इबादत की तौल बराबर

से रखना है और यही इस रुह का आमालनामा है, जो मोहम्मद (स.अ.स) की बताई गयी हिदायतों पर अमल करेगा तो उसको पानी की शक्ल में मौजूद पुल सिरात (वह पानी जोकि ताँबे और जस्ते के बीच में मौजूद है) को पार करने में कोई दिक्कत नही आऐगी और अल्लाह तक आसानी से पहुँच जाएगा और अल्लाह की इबादत में लग जाएगा और अल्लाह हमें नूरानी शक्ल देकर जन्नत में जमा करेंगे।

ऊपर हमने रुहों की शक्लों की बात की थी। रुहों की कोई तो शक्ल होगी। चाहे रुहों को नापने (माप) वाल पैमाना करोंड़ों में न होकर सैकड़ो में हों। अब हम काफिरों की रवायतो को देखें इनके मुताबिक जब यमराज आत्मा को कैद करने आते है तो उनको सर पर दो सिंगें होती है और नाक से धुँआ निकल रहा होता है उनकी शक्ल काली और एक काले भैसे पर बैठकर आते है और आत्मा (रुह) को निकाल कर ले जाते है तो इस तरह जितने भी काफिर और मुशरिक है उनकी रुहों को इस डरावने किस्म की शक्ल में कैंद होना है। यानि यह काफिरों और मुशरिकों की शक्ल हो गयी थी। इन्हें इस हाल में तड़पते रहना है तब ही काफिरों और मुशरिकों की डर के मारे शक्ल सिराह और आँखे ढटी दिखायी पड़ती हैं क्योंकि उनको मालूम हो जाता है कि खुदा ने हमारा फैसला ऐसा ही किया है।

मजहबें इस्लाम में जब किसी मोमिन की रुह को अल्लाह के हुक्म से मलकुल मौत लेने आते है तो उनकी शक्ल नूरानी होती है और उनके पास से खुशबू निकलती रहती है इसलिए वह मोमिन इन्सान घबराता नही क्योंकि उसको मालूम हो गया की अल्लाह ने हमारी रुह को इतना खूबसूरत पैमाना भेजा है जिसमें वह रहेगा, इसलिए वह घबराता नहीं उसकी ऑखे नहीं फटती, उसका मुँह नहीं खुलता बल्कि वह मुसकुराता है कि अल्लाह पाक ने हमारे लिए क्या ही खुभसूरत शक्ल चुनी है, क्योंकि अल्लाह ने पहले ही फरमा दिया है कि जन्नत मं सभी की शक्ले एक जैसी होगी और उनका कद ह. आदम (अ.स) के बराबर, खुबसूरती ह. युसुफ (अ.स) की और डील डौल ह. मोहम्मद (स.अ.सा) का किरदार ह. ईसा (अ.स.) का। तो जब मोमिन देखता है कि अल्लाह ने हमारे लिए इतना खुभसूरत जिस्म भेजा है तो वह क्यों न खुशी – खुशी रुख्सत हो।

इस तरह अल्लाह ने रुहों के लिए दो शक्ले बनाई है, नं. १ जन्नत वाली नं.२. दोजख वाली। इस तरह रुहो को कयामत के आने तक अच्छे और बुरे बर्ताव का सामना करना पड़ता रहता है। अच्छी रुहें खुशी – खुशी सारे कामो में मश्गूल रहती हैं, और अपने मालिक की याद में सजदा करती रहती है आसमानो से उसके लिए बेहतरीन रिज्क उतरता रहता है और इन्ही में से अल्लाह पाक कुछ को चुनकर तब्लीगों कामों में लगा देते हैं ताकि पुख्ता

ईमानवाले बन जाएँ, क्योंकि तौबा के दरवाजे कयामत से पहले नही बन्द होंगें। जिन रुहों को दोजखी पैमाना (जिस्म) अता किया गया है उनके साथ बदसुलूकी से पेश आया जाता है। जितने भी सख्त काम है इन्ही रुहों से करवाऐ जाते हैं और इन्हें भटकने के लिए छोड़ दिया जाता है। यह दुनियाँ वालों के बीच ही भटकते रहते हैं और शैतान को पुरी छूट है इस बदकिरदार रुहों पर वह इन्हें अपने कब्जे में रखता है और जितने भी गैर इस्लामी अकायद हैं उनको करने के लिए कहता है और यह मजबूर है करने के लिए जब की कोई शैतान की इबादत करता है और उससे अपने दुश्मनों को बर्बाद करवाना चाहता है तो शैतान इन्ही दोजखी रुहों को देकर उस शख्स के पास भेज देता है जिसे बर्बाद करना होता ह। इस तरह जितने भी उल्टे काम हैं सब इन रुहों को शैतान के हुक्म के मुताबिक करने पड़ते हैं।

क्या ही बुरा हाल हैं इन गुनााहगारों का जब कि कयामत के दिन इससे हजारो गुना ज्यादा अजाब इनके लिए तैयार है। हराम मौत मरने के बाद इन रुहों को शैतान एक खास तरह का इल्म इन्हें देता है ताकि इनकी ताकत बेहद बढ़ जाए और यह जिन्दा इन्सानो को परेशान करे। इसलिए अक्सर हमने देखा और सुना की फलाँ औरत या मर्द जिसने खुदकुशी कर ली थी वह लोगो को उसी जगह पर भटकती हुई दिखायी पडी और उस जगह पर कितने ही लोगों की जान ले चुकी है अब वह एक भूत या भूतनी की शक्ल अखतियार कर चुकी है। तो जब यह रूहे शैतान के कब्ज़े में पोहंच जाती है ताकि यह एक कुवतवर और खूंखार, डरावनी रुह बन जाए और शैतान उससे अपने मन मुताबिक गलत काम करवाए और वह इन रुहो को मखलूके इन्सानी को खत्म करवाना चाहता है। वह तो यही दिखाना चाहता हैं कि मैने खुदा से वादा किया था कि मैं इस आदम जात को सही रास्ते से भटका दुँगा और दोजख में मुकाम दिलवाऊँगा, इस तरह कभी भी रुहों को सूसरे जिस्म नही मिलते। अल्लाह ने सभी मखलीको की रुहें दुनिया बानाने से पहले ही बना दी थी। कभी भी इन्सानी रुहों को जानवरों में और जानवरों की रुहों को इन्सानों में नहीं भेजता यानि पुनर जन्म जैसी वाहियात बात नहीं होती। हाँ, यह मुमकिन है कि यह ताकतवर शैतानी रुहे कभी – कभी माँ के पेट में पलने वाले बच्चे के जिस्म में घुसकर अपना मुकाम बना लेते हैं और बच्चे पर हावी होकर अपने शैतानों की तारीफ करते हैं और अपनी पिछली जिन्दगी का बयान करते हैं और यह गुमराह काफिर इस पर यकीन करके पुननर्जन्म जैसी तहरीरों को बयान कर के भोल – भाले हिन्दु भाईयों को गुमराह करते हैं ताकि इन्हें सीधा और सही रास्ता न मिले।

पुले सिरात क्या है ?

हजरत मोहम्मद (स.अ) के दुनियाँ में तशरीफ लाने से पहले मिस्त्र नाम के मुल्क में एक ऐसा निजाम बनाया गया था कि जिसमें मिस्त्र के मशरिकी हिस्से और मगरीबी हिस्से को एक पुल के जरिए मिलाया था और इस पुल का नाम चन्दवन था इसके नीचे एक दरिया बहती थी। मशरिकी हिस्से में सिंफ कब्रस्तान ही था जब कि मग्ररिबी हिस्से में आबादी थी और जब किसी इन्सान की मौत हो जाती थी तो इसी पुल से होकर इसकी लाश को गुजारते थे और दफ्न करते थे। अगर कोई पुल को पार करते वक्त इत्तेफाक से दिरया में गिर जाता था तो लोग कहते थे यह शख्स गुनाहगार था इसलिए यह पुल नही पार कर सका और यह सिलसिला चलता रहा।

जब दुनिया में ह. मोहम्मद (स.अ.) तशरिफ लाए और अल्लाह ने उनपर कुरआन की आयतें उतारनी शुरु की और जब यह आयत उतरी थी पुले सिरात को पार करने में आसानी हो तब मिस्त्र के मुशरीको ने यह कहना शुरु किया कि ह. मोहम्मद (स.अ) पर कुरआन नहीं जिक्र किया गया है वह तो मिस्त्र में मौजूद है और हमारा भी यही मानना है कि जो गुनाहगार होगा वह यह पुल पार नही कर पाएगा और कुरआन में मिस्त्र के ही पुल के बारे में बताया गया है।

थोड़ी देरके लिए हम यह मान लें कि उस दौर में जो पैगमबर आए होंगे तो उन्होने लोगो को समझाने के हिसाब से इस पुल की मिसाल पुल सिरात से दी होगी लेकिन यह मुशरिक इस बात को मानने को तैयार नहीं हुए। अब इनकी दलील को किस तरह नकारा जाए यह हमें कुरआन से ही मिलेगी।

कुरआन में नील दरिया का जिक्र कई बार आया है। आइए हम इसकी तहकीकात करें की दुनियाँ में और भी बड़े – बड़े दरिया जैसे गंगा, जमुना, कावेरी, अमेजन, हवोक, वगैरह – वगैरह हैं। किसी और दरिया का कोई जिक्र नहीं हैं लेकिन दरिया –ए- नील का जिक्र कुरआन की सूरे बकरा की आयत नं. ५० और पारा नं. १ में अल्लाह फर्माता है कि और (वह वक्त भी याद करो) जब हमने तुम्हारी (ह. मुसा (अ.स)) वजह से नदी को फाड़ दिया फिर तुमको (ह. मुसा (अ.स.)) को खैर के साथ पार लगाया और फिरऔन के लोगों को तुम्हारे देखते डुबो दिया अगर हम इस आयत को पुल सिरत के रास्ते से मिलाए तो कुछ समझ में आयेगा क्योंकि पुल सिरात का रास्ता गुनाहगार पार नहीं कर पाएँगे और इस जहन्नुम की शक्ल जिसमें आग के दरिया बह रहे हैं गर्क हो जाँएगे, जैसे की ऊफर की आयत में अल्लाह फर्मा ता हैं कि हमने दरिया –ए – नील में मूसा को पार लगा दिया और

जैसे ही फिरऔन के लोग इसी दरिया में घुसे ताकि पार कर सके अल्लाह तआला ने इन लोगों को डुबो दिया यानि फिरऔन और उसके साथी पुल सिरात के रास्ते को नहीं पार कर सके। हम यह कह सकते हैं कि यह हश्र के दिन की पुल सिरात की शबी हो सकती है। जैसे की आसमानी काबे की शबी मक्के में मौजूद है जिसे अल्लाह का घर कहते हैं। हमने कुरआन में यह भी पढ़ा की जन्नत दोजख के मुकाबले काफी छोटी है अगर हम जन्नत को अल्लाह का घर समझे जैसे की कुरआन में पारा नं. १ सूरे बकरा की आयत नं. १२५ में अल्लाह फर्माता है कि और जब हमने काबे के घर को लोगो के जमा होने और अमन की जगह बनाया और (लागों को हुक्म भेजा) की इब्राहीम के खड़े होने की जगह को नमाज की जगह बनाओ और हमने इब्राहीम और इस्माईल दोनो को हुक्म दिया कि मेरे घर का तवाफ करने वालों और एतेकाफ़ करने वालो रुकुअ और सजदा करने वालों के लिए पाक साफ रखो।

इस आयत में अल्लाह ने काबे को अपना घर बताया और काबा दुनियाँ के मुकाबले साइज में भी बहुत छोटा है। हम यह भी गौर करें जब ह. आदम (अ.स.) को अल्लाह तआला ने काबा बनाने का हुक्म फरिश्ते ह. जिब्राईल (अ.स.) के जरिए भेजा और मक्का जिसकी उस वक्त कोई हद नहीं खिची थी और अगर ह. आदम (अ.स.) चाहते तो काबे को बहुत बड़ा बना डालते ताकि अपने रब को खुश कर सके, लेकिन अल्लाह ने ह. जिब्रईल (अ.स) को काबे की मिसाक (हद) मुकर्र करने को कहा और चार पत्थरों के जरिऐ काबे की हद मुकर्र कर दी और यह चार पत्थर अलग अलग २ जगहों से लाए गए थे। एक पत्थर सफा पहाड़ से, एक पत्थर मरवा पहाड़ से, एक पत्थर तूर पहाड़ से और एक पत्थर नजफ अशरफ से और जब ह. जिब्राईल (अ.स.) ने काबे की हद खींच दी तो ह. आदम (अ.स.) ने इसी हद के अन्दर चारों तरफ से दीवार उठाकर इसमें दाखिल होने के लिए एक रास्ता बना दिया।

अब हम यह कह सकते है कि जिस तरह अर्श पर बनी जन्नत बहुत छोटी और दोजख काफी बड़ी हैं उसी तरह दुनियाँ जो की जहन्नुम है और काबा इसमें अल्लाह का घर यानि जन्नत है तो यह दोनों मिसालें काफी है मिस् के बने उस चन्दनवन नाम के पूल को जिसे यह पुल सिरात से जोडते हैं, इसके अलावा अर्श पर जो पुल सिरात बनी है अगर एक बार कोई इसे पार कर गया तो जन्नत पहुँच जाता है और फिर वहाँ से वापस आने की तमन्ना नहीं रखता।

खुदा (परमात्मा)

गैर मजहब जैसे हिन्दु मजहब का यह कहना की इस पूरी कायनात में कोई भी पूरा (पूर्ण) नही सभी अपूर्ण है क्योंकि कोई भी ऐसा इन्सान नहीं जो की यह कह सके मुझे इस कायनात की हर चीज की जानकारी (मालुमात) है, लेकिन परमात्मा (ईशवर) सम्पूर्ण है यानि इस मजहब ने सम्पूर्ण कहकर अपने खुदा को हदों में बाँध दिया।

जबकि मजहबे इस्लाम का कहना कि खुदा सब कुछ जानता है, उससे कुछ भी नहीं छिपा है, उसे हर तरह की मालूमात है और उसकी खुदाई की कोई हद नहीं। अब हम. खुदा को सब कुछ मालूम है और हिन्दुओं के मुताबिक ईश्वर सम्पूर्ण है। दोनो का मुतालआ करते है।

अगर कोई शख्स मेरे घर पर खाने के लिए आए और दस्तरख्वान पर रखी हुई किस्म – किस्म की चीजों को देखकर यह कहे की हम सम्पूर्ण खा जाँएगए यानि पूरा खा जाएँगे तो यह उस दस्तरख्वान पर बैठे मेहमान की हद खिच गयी की बस हम यही खा सकते हैं क्योंकि उसने सम्पूर्ण खा सकता हैं क्योंकि उसने सम्पूर्ण खा जाएँगे कहा है यानि इसके आलावा वह और कुछ नहीं खा सकता है।

अब अगर एक दूसरा मेहमान आये और उससए खाने के बारे में पूछा जाए कि आप क्या – क्या खाएँगे और उसका जवाब हो सब कुछ, यानि अब इसकी कोई हद नही है उसी तरह जैसे की इल्म (ज्ञान) नकी कोई सीमा नहीं है कोई यह नही कह सकता की मुझे पूरा ज्ञान हो चुका है और अगर कोई शख्स यह कहे की मुझे सम्पूर्ण ज्ञान है तो इसका मतलब यह हुआ की उस शख्स के मुताबिक जो उसने सिखा या पढ़ा बस वही ज्ञान (इल्म) है और इसके आलावा कोई इल्म नहीं है तभी उसने सम्पूर्ण ल्फज का इस्तेमाल किया। लिहाजा हिन्दु धर्म का यह मानना है की ईश्वर सम्पूर्ण है इल्म के लिहाज से निहायत गलत है। जब किसी इन्सानी बच्चों को पहले दर्जे में दाखिल दिलाया जाता है तो उस दर्जे में उसे अलीफ, बे या,ए,बी,सी, और एक, दो, तीन की तालीम दी जाती है क्योंकि अभी उसका जेहन इतना ही बोझ उठा सकता है और बच्चों के लिए र्सिफ यही इल्म होता है इसके अलावा कुछ नहीं, लेकिन जब बच्चे का जैसे जैसे दर्जा बढ़ता है उसका इल्म भी उसी तरह बढ़ता जाता है और उसके बाद जब बी.ए. फिर एम.ए. पास कर चुकता है तो सोचता है चलो अब पी.एच.डी. कर ली जाऐ और जब वह आर्ट के सब्जेक्ट में पी.एच.डी. कर चुकता है तो उसे मालूम पड़ता है अभी तो और कितने कोर्स बाकी हैं, जिसका इल्म हासिल करते करते उसकी उम्र खत्म हो जाएगी लेकिन इल्म पूरा नहीं हो पाऐगा और अल्लाह

रब्बुल इजॅजत से वह कितनी ही उम्र क्यों न माँग ले फिर भी इल्म पूरा नहीं सीख पाऐगा यह वही इल्म है जैसा की ह. नूह (अ.स.) का तश्त जो हजारों साल पहले समन्दर में गिरा और आज तक समन्दर के बॉटम (तल) तक नहीं पहुँच सका । लेकिन खुदा को और उसके पैगम्बरों को सब कुछ मालूम है। अल्लाह पैगम्बरों से भी ज्यादा इल्म रखता है, उसकी खुदायी में कहाँ क्या मौजूद है, कौन सी दुनियाँ में कैसे बन्दे है। वह सब क्या करते है और किसकी इबादत करते है। अल्लाह तआला ने जुबूर उतारी और कई सौ साल तक जुबूर को ही लोग सारा इल्म समझते रहे फिर उसके बाद तौरेत उतारी और जुबूर को अल्लाह ने वापस लिया और तौरेत सैकड़ो साल चलती रही, लोगो ने समझा बस सब कुछ यही है फिर कई सौ साल के बाद अल्लाह ने इन्जील उतारी और तौरेत को वापस लेलिया। दुनियावी लोगो ने समझा अब इल्म पूरा हो चुका है और सब कुछ इन्जील में ही है और यही इल्म है लेकिन सैकड़ो साल के बाद अल्लाह ने ह. मोहम्मद (स.अ) पर कुरआन उतारा और इन्जील वापस ले ली और आज कुरअअन को उतरे हुए १४०० साल हो चुके हैं अब ह. मोहम्मद (स.अ) के बाद कोई और नबी नहीं आने वाला और यह कुरआन हम पर एक शरीयत है हर इन्सान को यकीन होना चाहिए और बताऐ हुए रास्ते पर चलना चाहिए।

हमें अपने बुजुर्गो से मालूम हुआ कि आसमानी किताब कुरआन के अन्दर हर किस्म के इल्म छुपे हुए हैं, जैसे पूरी सायन्स, कला, कॉमर्स, नफसीचाती सायन्स, भूगोल, इतिहास, गणित न जाने कितने और आने वाले जमाने में होने वाली तरक्कीयों की बाते और हर दानिश्वर अपने मतलब की हिदायतों को ढूंढ़ता रहेगा। दुनियाँ खत्म होने को आ जाएगी लेकिन इस कुरआन में मौजूद इल्म की खासियत बढ़ती जाएगी। यह आने वाले हजारों सालों में भी कोई शख्स ऐसा न होगा जो यह कह सकेगा कि मैने कुरआन पूरी तरह से समझ लिया है यह वोह अल्लाह की आखरी किताब है जिसकी गहराई को मापने के लिए आज तक आज तक न तो कोई पैमाना बना है और न बन पाऐगा, इन्शाअल्लाह ! ये गैर मजहबों के चार वेद नहीं जिस अगर कोई इन्सान एक वेद पढ़ ले तो पंडित की डिग्री मिल जाएगी और अगर कोई दो वेद पढ़ ले तो द्विवेदी और कोई तीन वेद पढ़ ले तो त्रिवेदी और अगर कोई चार वेद पढ़ ले तो चतुर्वेदी हो जाता है और इनके हिसाब से अब कुछ भी नही बचा इनके शास्त्रों में जो उनके और काम आ सके।

ह. मोहम्मद (स.अ.स) ने अफने दौर में कहा था की कुछ इल्म ऐसे हैं जो दूसरि दुनियाँ के लोग जानते हैं और वह काफी फायदेमन्द हैं लेकिन इस दुनियाँ के लोग वह इल्म हासिल ही नहीं कर सकते, मतलब यह हुआ कि

उन दूसरी दुनियाँ के लोगों का इल्म हमसे ज्यादा तरक्की आफ्ता है। इस तरह बे- हिसाब दुनियाँ की जानकारी र्सिफ खुदा को है और उसके जरिऐ भेजे गये पैगम्बरों को ही है, लेकिन अल्लाह की पूरी मालूमात है कि यह दुनिया कब तैयार हुई और कब इसमें कयामत आऐगी। पैगम्बरों को सब मालूम है लेकिन जब इनसे यह पूछा गया की कयामत कब आएगी तो पैगमबरों ने यही जवाब दिया, खुदा बेहतर जाने, पैगम्बरों के इस तरह के बयान से दो बातें साबित होती हैं या तो इनको वकाई नहीं मालूम था या मालूम तो है लेकिन अल्लाह ने मना कर रखा है कि कही मखलूक को एक मुकर्रर दिन बता दिया जाए तो कयामत के कुछ साल पहले वह अपने को सुधारना शुरु कर दे की चलो भाई अब तो दुनिया फना होनी है आओ कुछ अच्छे काम कर लें। इसलिए खुदा सम्पूर्ण इल्म वाला है यह कहना निहायत गलत है, अल्लाह सब कछ जानने वाला है यह कहना निहायत गलत है, अल्लाह सब कुछ जानने वाला है उसकी कोई हद नहीं है।

खुदा और वक्त की उम्र करोड़ों भगवान का राज.

हम कहते हैं कि मेरी उम्र ३७ साल है, हमने देखा हमारे बेटे की उम्र ७ साल है इस वक्त मेरी वालिदा की उम्र ७४ साल है मैंने अपनी वालिदा की ७४ साल की पूरी उम्र को तो नहीं देखा क्युकी मैं तो वालिदा की उम्र के ३७ साल बाद आया इसी तरह मेरा बेटा मुझे मेरी पूरी उम्र से ही नही देख रहा है, लेकिन मैं अपने बेटे को पैदा होने से लेकर अब तक देख रहा हूँ और कब तक मैं उसे देखता रहूँगा इसकी कोई समय सीमा तय नही है। इसी तरह यह अन्दाज लगाना की इस दूनियाँ को बनाने वाले खुदा की क्या उम्र होगी? अगर किसी ३० साल के शख्स को कोमा (बेहोशी) हो जाए शाम के वक्त और ६० साल की उम्र में उसे यह पूछा जाए की अब तुम्हारी उम्र क्या है तो वह जवाब देगा ३० साल और यह भी कहे कि मैं शाम को सोया था और रात को मैं उठ गया, यानि मैं चार – पाँच घंटे सोया था बस। यानि बेहोशी के ३० साल उसकी मेमोरी में दर्ज नहीं हुए जिस तरह हम वक्त पर और

उसकी उम्र पर नजर रखते है उसी तरह जानवर भी उम्र का हिसाब रखते होंगे, लेकिन किसी भी जानवर या परिन्दे में ऐसी खासियत नही मिली। जानवर या परिन्दा सुबह सूरज को निकलते हुए देखते हैं और शाम को सूरज डूब जाता है यही इनकी मेमरी बॅक्स में दर्ज रहता है। इनके पास उम्र का रेकार्ड दर्ज नही होता। इसी तरह जिस खुदा ने यह पूरी कायनात बनायी उसने कभी भी इसकी उम्र जाहिर नही की उसी तरह जिस तरह एक आदमी ३० साल कोमा में रहने के बाद भी उसे कुछ घंटो का ही हिसाब मालूम पड़ता है यानि वह साल उसके लिए कॉन्स्टन्ट रहे, दुनियाँ और उस खुदा की उम्र भी कॉन्स्टन्ट है, इसमें किसी भी तरह का बदलाव नहीं होता। वक्त को अगर हम अनासिर (तत्व) मान कर चले तो इसके मॉलिक्युल्स जिस हालात में कही पर बैठे रहे या उड़ते रहें तो इन दोनो कॅण्डीशन में ना यह घटने वाले हैं और न यह बढ़ने वाले है। इनपर वातावरण का कोई भी असर नहीं होनेवाला यानि यह कॉन्स्टन्ट है। इसी तरह खुदा के नूर पर कोई भी किसी भी तरह का असर नही पड़ता नाही इसकी उम्र बढ़ने वाली है और ना ही इसकी उम्र घटने वाली, इस तरह खुदा की उम्र भी कॉन्स्टन्ट रहने वाली है।

आज से एक लाख साल पहले लोगों का यह कन्सेप्ट था कि भगवान होने में ३ शर्ते जरुरी थी:

१. बहुत पैसे वाला २. अच्छी सेहत वाला

३. दौलत का सही ईस्तेमाल करने वाला

अगर जिस किसी भी इन्सान में यह खुबियाँ मौजूद होती तो सभी लोग कहने लगते की यह मेरा भगवान है और यही एक थीअरि मशरिक से मगरीब और शमाल से जुनूब तक एक इसी थीअरि पर लोग कायम रहे और जब इनके कबीले टूटने लगे तो इन्होने यह देखा की भगवान सिंफ अमीर ही क्यों हो सकते हैं, गरीब क्यों नहीं। इन लोगों ने अपनी अक्ल से एक नई थीअरि बनाई की सब भगवानों का एक ईशवर होता है और ईश्वर के करीब वही आता है जो सभी तरह के ऐश को छोड़ दे और बिना कपड़े के रहे और गरीब जीवन बिताए, तो सबसे अच्छा वही भगवान होगा। तो बुध्द ने ऐसा ही किया और लोगो ने बुध्द को अपनाभ्गवान मानना शूरु कर दिया। इनका देखा देखी जो गरीब तो थे लेकिन अकल्मन्द भी, तो बुद्द की थीअरि को अपनाने लगे और अपनी पूजा करवाने लगे। अब जितने भी बड़े – बड़े राजा महाराजा थे सबने इन्हें अपना भगवान मानना शुरु कर दिया, इसलिए हर कबीले का सरदार इनका भगवान बन गया। इसलिए एक के बाद दूसरे भगवानों का सिलसिला चलता रहा तब

भी उस वक्त के भगवान थे लात, मनात,उज्जा, वगैरह – वगैरह। इन लोगों ने अपने अपने भगवानों के मरने के बाद उनके बूतों को पत्थर से तराश कर बनवाना शुरु किया। फिर जब इनके कबीले टूटना शुरु हुए तो हर टूटे हुए कबीले ने अपने सरदार को भगवान माना और जिन्दगी भर उसको अपना भगवान माना और जब वह मर गया तो उसका बुत बनाकर उसकी पूजा करने लगे और कोई भी कबीला टूटे तो कम से कम १० टूकड़ो से कम में नहीं टूटता था और उस वक्त हजारों की तादात में कबीले थे अगर शुरु में इनकी तादाद १०००० गिनी जाए कम से कम जब यह टूटे तो एक लाख हुए और जब इनकी तादाद बढ़ी तो दस लाख हुई और इस तरह टूटते – टूटते यह संख्या करोड़ों में हो गयी इस तरह इन हिन्दु कौम में भगवान करोड़ो की संख्या में हो गये। और इसीलए हर दौर में भगवान बदलते रहे लेकिन जब ५७१ ई में हजरत मोहम्मद (स.अ.स) तशरीफ लाए और उन्होने ४० साल की उम्र यानि ६११ ई. में खुदा के बारे में लोगों को बताना शुरु किया तो लोगों के समझ में आने लगा की वाकई ह. मोहम्मद (स.अ) जो बता रहे हैं वही सही है और अब मुझे खुदा मिल गया और वही सारे जहां को बनाने वाला वोही पैदा करने वाला वोही मौत देगा और एक सिंफ वही इबादत के लायक है और ह. मोहम्मद (स.अ) उसके भेजे हुए पैगम्बर हैं और इनसे (ह. मोहम्मद स.अ.स.) पहले हमारा खुदा १,२४,००० और भी पैगम्बर भेज चुका है ताकि हम सीधे रास्ते पर चले। अल्लाह के रसूल अरब के लोगों में सन ६३४ ई. के. सफर के महीने तक तब्लीग करते रहे और लोगों को जब पूरा यकीन हो गया की हमारा खुदा तो एल नूर है, न उसकी कोई शक्ल है, न उसे नींद आती है और न ही उसे भूख लगती है, न तो वह किसी से पैदा हुआ न ही कोई उसका शरीक। जब ह. मोहम्मद (स.अ) दुनियाँ से पर्दा कर गये तो अल्लाह ने ये काम खलीफाओं को सौपा और जब खलीफाओं का दौर खत्म हो गया तो इमामों के जरिए दीन की तब्लीग करवाते रहे उसके बाद इमामत का दौर भी चला गया तो अल्लाह ने यह काम वलियों को सौंपा और जिस दौर में जी हैं य वलियों का ही दौर है। अल्लाहतआला वक्त के हिसाब से वलियों को भेजता रहता हैं।

जब कौमे हिन्दुओ ने यह देखा कि ऐसा मुम्किन नहीं है कि एक मजहब में करोड़ो भगवान हो जब कि मजहबे इस्लाम, मजहबे ईसाई, मजहबे यहुद जैसे सभी मजहबों में एक ही खुदा है और सब इसकी इबादत करते हैं तो फिर हिन्दु मजहब में करोड़ों की तादाद में भगवानों का होना कुछ अटपटा लगता है। तो मजहबे हिन्दु के दानिशवरों ने अपनी गलती को सुधारने के लिए ई. सन ८०० से मजहबे इस्लाम की थीअरि अपनाना शुरु कर

दी और कहने लगे सब भगवानों का एक ईश्वर है और जो राम, हनुमान क्रृष्ण, गणेश , ये सभी ईश्वर के भेजे हुए पैगम्बर हैं इस तरह उन्हों ने अपनी गलती को सुधारने की कोशिश की लेकिन हमने मजहबे इस्लाम में यह देखा की जितने भी पैगम्बर अल्लाह ने दुनिया में भेजे सब के सब इंसानी जिस्म से पैदा हुए थे उन सभी के अन्दर हम जैसे इंसानों की तरह जिस्म थे वोह सभी अल्लाह की नेमतो का इस्तेमाल किया करते थे । सभी को दो हाथ, दो पैर, दो आँखे, दो कान यानि एक सेहतमन्द जिस्म था, लेकिन अगर हम हिन्दु मजहब के पैगम्बरों पर नजर पालें तो सभी अलग – अलग शक्लों के साथ उतरे जैसे कि शंकर जी का रंग नीला था, हनुमान जी के दुम थी और शक्ल बन्दर जैसी। गणेश जी के मुँह में एक हाथी की सूँड़ लगी है, काली माता के बारह हाथ है, जबान इतनी लम्बी के मुँह के बाहर लटकती है, शंकर जी शेर की खाल लपेटे हुए गले में साँप और एक डमरु अपने साथ लिए हुए। बाल इतने लंबे के जटाधारी कहलाने लगे, इस तरह जितने भी दूत हिन्दु मजहब में उतरे सब के सब अलग- अलग शक्लों को एखितयार किए हुए थे।

इसके अलावा हिन्दु मजहब के सरबराहों का यह कहना कि इन सभी लोगों ने जिसका जिक्र ऊपर किया गया है यह सभी ईश्वर का अवतार लिए हुए थे अब उनकी इस बात पर यकीन किया जाए कि ईश्वर एक है तो यह अवतार कहाँ से आ गये? या तो आप उन्ही करोड़ों भगवान की थीअरि को सही कहें। इस तरह ये मजहब आजतक पशोपेश में है कि अखिरकार हमारा खुदा कौन है ? अपने को सबसे पहले पुराने मजहब कहने वाले क्यों सिमटते चले जा रहे हैं? तकरीबन हजारों की तादाद में लोग हिन्दु मजहब को छोड़कर इस्लाम कुबुल कर रहे, हैं क्योंकि वह समझ चुके है कि हमारी रहनुमाई इस्लाम में ही हो सकती है और कहीं नही हो सकती।

आज का हिन्दु सायन्स के माहौल में रह रहा है इसलिए वह हर बात सायन्स के दायरे में देखना चाहता है और साबित करना चाहता है। आज का हिन्दु दानिश्वर तुल्बा है, उसे हनुमान चालिसा की उन पंक्तियों को जैसे:

युग सहस योजन पर भानु
लील्यो ताहि मधुर फल जानू।।

जिसका मतलब यह हुआ की हजारों कोस की दूरी पर चमकने वाले सूर्य को अपनी बाल- बुध्दि के कारण मीठा फल समझ लिया और उसको निगल गये को नही मानता क्योंकि सूरज करोंड़ों कोसो की दूरी पर है और आज के इस नये जमाने में जो सायन्स के पढ़ने वाले हैं वो तो यह जानते ही है कि सूरज हमारी पृथ्वी ग्रह से बड़ा है

और जिसके अन्दर हाइड्रोजन के करोड़ों की तादाद में पहाड़ मौजूद है इसके अलावा एक आम इन्सान यह समझ सकता है कौन ऐसी गलती करेगा की सूरज को फल समझ बैठे तो यह कैसे मुमकिन है के हनुमानजी ने सूरज को अपने मुँह में निगल लिया। इन्ही सब बेबुनियाद बातों की वजहसे हिन्दु कौम के लोग इस धर्म को छोडकर इस्लाम धर्म को अपना रहे हैं। अब अगर अवतार वाली थीअरि पर वापस आया जाए कि ईश्वर अवतार लेता है तो हम यह भी जानते हैं कि ईश्वर ही ने सूरज को बनाया है तो क्या ईश्वर ऐसी गलती करेगा की अपनी बनाई हुई चीज को भूल जाए और सूरज जैसे चमकते हुए तारे को फल समझ बैठे। ईश्वर की अक्ल को इस तरह बयान करना ईश्वर का अपमान नहीं तो क्या है ? यह अवतार वाली कहानी तो बिल्कुल गलत साबित हो गयी।

नशा और मजहब

आज के सभ्य समय में कौन यह कहता है कि नशा करके भगवान को खुश करो शायद कोई भी नहीं सिवाय हिन्दु कौम के और कोई मजहब ईश्वर की पूजा करते वक्त नशा करने को नहीं कहता। यह गुमराही सिर्फ एक सीधी सादी कौम और जो अहिसावादी थी उसको अंधेरे में रखने के लिए इस धर्म के पंडितों ने गलत खयालो को बनाया ताकि ये लोग नशे की हालत में ही रास्ता भटकते रहे और हम जिस तरह चाहे इस कौम के लोगो को गुमराह करें। इसकी रिवायत भी ऐसी है कि इनके एक भगवान जिनका नाम शंकर है वो भाँग खाकर अपना नशा पूरा करते थे इसलिए इसको एक त्यौहार की शक्ल में जिसका नाम शिवरात्री रखा जिसका मतलब होता है शिव की रात (ऐसी मान्यता भी है के इस दिन शंकर भगवान की शादी पारवती से हुई थी) और क्योंकि इस दिन शिवजी ने नशा करने के लिए उकसाया जो कि इस सिव्लिाइज्व् सिस्टम में किसी तरह भी अच्छा नही क्योंकि ये नशा दिमाग को बंद कर देता है और हमारे सोचने की ताकत को कमजोंर करता हैं। सायन्सदानों ने भाँग की पूरी जाँच कर ली है और इसे एक नुकसान देय नशा करार दिया है क्योंकि ये हमारे जिस्म में मौजूद आँतो को बेहद बढ़ा देती है जो कि एक आम हाजमे की रिऐक्शन से बहुत ज्यादा है क्योंकि हमारी ऑते रबर की तरह हैं जिसे जीतना खींचे बढ़ती जाती हैं।

कुछ लोग हमसे सवाल करते हैं कि आपने सिर्फ हिन्दु मजहब को ही क्यों चुना और कोई मजहब को क्यों नही चुना। तो वह इसलिए कि जब से मजहब इस्लाम की बुनियाद पड़ी उसी वक्त से ईसाइयों और यहूदियों` इस्लाम की मुखलिफत की और इस लिए उनके दौर में जितने भी जंगे लडी गई ईसाई, यहुदी, नसारा, पारसी वगैरह – वगैरह से हुई थी क्योंकि इन कम अक्लों ने ह. ईसा (अ.स.) को खुदा का बेटा कहा और ह. मूसा (अ.स.) को अपना खुदा माना इसके आलावा ये किसी को नही मानते थे जब कि हजरत ईसा (अ.स.) ने खुद इंजील में बयान दिया कि मैं खुदा का भेजा हुआ रसूल हूँ और मेरे बाद एक और आखरी रसूल आने वाले हैं जिनका नाम अहमद है (आसमानो में ह. मोहम्मद स.अ.स. का नाम अहमद है) कुरआन ने इसकी तस्दीक की है।

